26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 12 मई, 2026

अंक- 197 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16




## हार्दिक बधाई एवं आभार

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कद्दावर नेता **श्री भूपेन्द्र चौधरी** को उत्तर प्रदेश सरकार में **कैबिनेट मंत्री** बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा भाजपा हाईकमान एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का हार्दिक आभार



**डॉ. मनोज वर्मा**

राजीव वर्मा, डॉ. शाश्वत वर्मा, शौर्य वर्मा

वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम, स्योहारा


# AIADMK में फूट, बागी गुट का TVK को समर्थन

## षणमुगम बोले- जनादेश विजय के साथ, हम DMK से जुड़ते तो खत्म हो जाते

**चेन्नई (एजेंसी/चिंगारी)।** तमिलनाडु की सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। अब सीएम विजय की पार्टी टीवीके को दो और पार्टियों का समर्थन मिल गया है। तमिलनाडु विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से ठीक एक दिन पहले AIADMK और U AMMK के एक विधायक टीवीके को सपोर्ट देने की बात कही। AIADMK के वरिष्ठ नेता सीवी शनमुगम के नेतृत्व में पार्टी के 30 विधायकों ने TVK को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है। वहीं, टीटीवी दिनाकरण की पार्टी AMMK के विधायक कामराज ने भी कहा है कि वो विजय सरकार को समर्थन देंगे।



मुख्यमंत्री विजय को बुधवार को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना है। टीवीके (107 सीटें) ने कांग्रेस की 5 सीटों, वामपंथी दलों की दो-दो सीटों, वीसीके और मुस्लिम लीग की दो-दो सीटों के सहयोग से सरकार बनाई है। अब AIADMK के 30 विधायकों के साथ आने से विजय सरकार को मजबूती मिल गई है और ये पूरी तरह सुरक्षित नजर आ रही है। टीवीके को समर्थन देने को लेकर सीवी शनमुगम ने बताया कि उनका इरादा पार्टी को तोड़ने का नहीं है, बल्कि वो जनता के जनादेश का सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जनता ने विजय को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट दिया है, और हम उस जनादेश का सम्मान करते हैं। बता दें कि हालिया चुनावों में AIADMK को सिर्फ 47 सीटें मिली थीं। अब 30 विधायकों के टीवीके को सहयोग देने के बाद पार्टी प्रमुख एडप्पादी के. पलानीस्वामी के पास सिर्फ 17 विधायक रह गए हैं।

# हिमंता ने ली असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

## चार अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल



**गुवाहाटी (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता हिमंता बिस्वा सरमा को आज असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी। उनके साथ चार अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इसके साथ ही श्री सरमा दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 126 सीटों के साथ दो तिहाई से भी अधिक बहुमत हासिल किया है। श्री सरमा को यहां राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने आज पूर्वाह्न पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके अलावा श्री रामेश्वर तेली, श्री अतुल बोरा, श्री चरण बोरो और श्रीमती अजंता नियोग को मंत्रिपद की शपथ दिलायी गयी। श्री अतुल बोरा भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद से तथा श्री चरण बोरो बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट से हैं।




# कपड़े की दुकान में भीषण आग लगने से करोड़ों का नुकसान

## फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पांच घंटे में पाया आग पर काबू



कपड़े की तीन मंजिला बिल्डिंग में लगी आग बुझाती फायर ब्रिगेड की टीम व मौके पर जमा व्यापारियों की भीड़।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बीती रात नगर के मुख्य कटहरा बाजार में एक क्लाथ हाउस (दुकान) में अचानक भीषण आग लगने से करोड़ों रूपए का कपड़ा व फर्नीचर जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कई घंटे की मशक्कत के बाद बाजार की अन्य दुकानों को आग में जलने से बचा लिया। आज सुबह करीब पांच बजे कटहरा बाजार में तरूण क्लॉथ हाउस की तीन मंजिला दुकान जिसमें कपड़ा व रेडिमेड कपड़े भरे हुये थे, में धुआं निकलता देखकर इसकी सूचना किसी ने फायर स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के प्रभारी केएस जादौन के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में तीन मंजिला दुकान में रखा करोड़ों रूपए का कपड़ा व फर्नीचर पूरी तरह से जल गया। साथ ही वहां खड़ा एक दुपहिया वाहन भी जलने से खाक हो गया। आग के एकदम विकराल रूप धारण करने से पास में स्थित अशोक क्लॉथ हाउस की दुकान भी चपेट में आ गई जिसमें रखा हजारों रूपए का कपड़ा जल गया। जबकि अन्य कई आसपास की दुकानें फायर ब्रिगेड की टीम ने आग की चपेट में आने से रोकने के लिए खाली करा ली। इस घटना से कटहरा बाजार में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में दुकानदार मौके पर पहुंच गये। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, प्रदेश मंत्री श्रीमती बिंदू सर्राफ, मोनू टाटा, शेर खान, भाजपा की पूर्व प्रांतीय पार्षद लीना सिंघल व बड़ी संख्या में शहर के व्यापारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना पर अफसोस जताया।

### फायर ब्रिगेड समय से न पहुंचती तो बड़ी संख्या में जल जाती दुकानें

नजीबाबाद के कटहरा बाजार में जिस तीन मंजिला कपड़े की दुकान में आग लगी उसके आसपास एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों की संख्या में कपड़े की दुकानें है। अगर आग लगने की सूचना समय से मिलती तथा फायर ब्रिगेड भी समय से मौके ना पहुंचकर कड़ी मशक्कत न करती तो आसपास की दुकानों के साथ बड़ी संख्या में कपड़े की दुकानें इस आग की चपेट में आ सकती थी, जिससे यह बड़ा अग्निकांड हो जाता।

### नगीना व बिजनौर से भी गाड़िया बुलानी पड़ी

नजीबाबाद के कटहरा बाजार में तरूण क्लॉथ हाउस में इतनी भयंकर आग लगी कि नजीबाबाद के साथ नगीना व बिजनौर से भी आग बुझाने को फायर ब्रिगेड की गाड़िया मौके पर बुलानी पड़ी। इसके बावजूद सुबह 5 बजे लगी आग सुबह 10 बजे तक भी न बुझने व तीसरी मंजिल में धुंआ निकलने को देखते हुए नगर पंचायत साहनपुर से पानी के दो टैंकर भरकर मंगाये गये। काफी मशक्कत के बाद आग कंट्रोल हो पाई।

### जिला अग्निशमन अधिकारी व एसडीएम ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

नजीबाबाद के कटहरा बाजार में आग लगने की घटना के बाद जिला अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय व एसडीएम नजीबाबाद आशुतोष जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। फायर स्टेशन के इंचार्ज केएस जादौन ने उन्हें बताया कि घटना की सूचना मिलते ही करीब 15 मिनट में फायर बिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझानी शुरू कर दी थी। शायद बिजली के शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगी। बड़ी संख्या में कपड़े की अन्य दुकानों को चपेट में आने से बचा लिया गया।

### पशुशाला में घुसा गुलदार



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम महमसापुर के निवासी ऊदल सिंह ने बताया कि उनकी पशुशाला खेतों से सटी हुई है तथा खेतों की तरफ दीवार नहीं है। गत रात्रि एक बजे तथा ढाई बजे दो बार गुलदार पशुशाला में घुस गया। गाय के रंभाने पर उन्होने तुरंत वहां जाकर देखा , तो गुलदार धीरे - धीरे पशुओं की तरफ बढ़ रहा था। ऊदल ने बताया कि उनकी एक गाय लगभग एक सप्ताह पूर्व ब्याही है तथा एक अन्य गाय लगभग एक माह पूर्व ब्याही है। तभी से गुलदार बार - बार पशुशाला में घुस रहा है। इससे पहले बृहस्पतिवार तथा रविवार की रात्रि में भी गुलदार पशुशाला में घुस गया था। हालांकि किसान की सजगता से गुलदार गाय के नवजात बच्चे या किसी अन्य पशु को निवाला नहीं बना पाया। गुलदार के बार - बार पशुशाला में घुसने से किसान अपने पशुओं की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित है। सामाजिक वानिकी के वन दरोगा विकास कुमार ने बताया कि मौके पर जाकर निरीक्षण किया जायेगा तथा गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाने की कार्यवाही की जायेगी।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# झालू में युवक का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**झालू ( चिंगारी )। कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया जब रसूलपुर रोड स्थित कब्रिस्तान के पीछे बने एक अर्धनिर्मित व खाली पड़े मकान के बरामदे में एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।**



जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने आ रही बदबू को देखते हुए देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही झालू चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। देखते ही देखते नगरवासियों व आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। मौके से खाली इंजेक्शन की सीरिंज, दवाइयों के रैपर व अन्य सामान भी बरामद हुआ है, जिससे मामले को संदिग्ध माना जा रहा है। घटना की सूचना पर फील्ड यूनिट बिजनौर की टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस संबंध में हल्दौर कोतवाल किशन अवतार ने बताया कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मृतक की पहचान कराने और मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला लड़की का शव

**स्योहारा ( चिंगारी )। आज एक किशोरी का शव फंदे पर लटका मिला, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। किशोरी के माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार ग्राम गांवड़ी महावतपुर निवासी 15 वर्षीय श्रुष्टि पुत्री स्वर्गीय मोहित कुमार का शव घर में ही फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। बताया जा रहा है कि किशोरी का एक छोटा भाई है। दोनों आपस में झगड़ते रहते थे। माता-पिता की मृत्यु के बाद दोनों का पालन-पोषण उनके चाचा नन्हे के द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने कहा कि मृत्यु के सही कारणों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चल सकेगा।**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अर्जुन व उसकी पत्नी प्रीति जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं, इसलिए मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रही हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-गीता देवी पत्नी स्व. छत्रपाल, निवासी ग्राम फरीदपुर काजी उर्फ खेड़की, जिला बिजनौर**


धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


## दुनिया चले ना श्रीराम के बिना...



**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खतियान स्थित विजय रस्तोगी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया। 'दुनिया चले ना श्री राम के बिना श्री राम जी चले ना हनुमान के बिना' भजन सबको खूब पसंद आया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में विजय रस्तोगी, प्रिंसी रस्तोगी, वरदान रस्तोगी, निष्ठा रस्तोगी, अर्चना रस्तोगी, सेवी रस्तोगी, नीरज बंसल, पंकज बंसल, रियांश रस्तोगी, अजय रस्तोगी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, रामप्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, संदीप भारद्वाज, संजीव शर्मा, नंदकिशोर रस्तोगी, शोभित अग्रवाल आदि शामिल रहे।


Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ



1 मई से 31 मई तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## युद्ध और बढ़ता एलपीजी संकट

कभी किसी की कल्पना में भी यह नहीं आया था कि होरमुज जलडमरूमध्य जो एक संकीर्ण और अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है तथा इस संघर्ष से प्रभावित है कभी बंद भी हो सकता है। होरमुज जलडमरूमध्य के इस संकरे बिंदु पर भारतीय ध्वज वाला कोई जहाज बहुत कम ही दिखाई देता है। 'हमें देश में उत्पादित तेल, गैस और कोयले की हर बूंद को सुरक्षित रखना होगा', ऐसा देश के सबसे बड़े कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादक ओएनजीसी के प्रमुख ने कहा।' तरलीकृत पेट्रोलियम गैस ( एलपीजी ) सिलेंडरों की आपूर्ति में संकट की श्रमिकों की कमी के लिए जिम्मेदार है, जिनके लिए अपने घर लौट जाना अंतिम विकल्प बन गया। रसोई गैस की आपूर्ति अन्य समस्याओं का भी सामना कर रही है। मध्य पूर्व के युद्ध के कारण वैश्विक जहाजरानी में आई रूकावट ने भारत में रसोई गैस की आपूर्ति को तनावपूर्ण बना दिया है। देश में सबसे अधिक प्रयुक्त ईंधन एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच बनाना बहुत से लोगों के लिए कठिन हो गया है। भारत एलपीजी आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, जिसका बड़ा हिस्सा होरमुज जलडमरूमध्य के रास्ते देश तक पहुंचता है। यद्यपि ईरान अब भारतीय जहाजों को गुजरने की अनुमति दे रहा है, फिर भी स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और कई जहाज इस जलडमरूमध्य के पास प्रवेश की प्रतीक्षा में खड़े हैं। यदि हम सरकार की बात पर विश्वास करें, तो एलपीजी की कोई कमी नहीं है, वह घरेलू उत्पादन बढ़ा रही है और अमेरिका, रूस तथा ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों से अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। उसने लोगों से गैस सिलेंडरों की 'घबराहट में बुकिंग' बंद करने को भी कहा है। लेकिन बड़े शहरों में प्रवासी मजदूर, जिनमें से अनेक रसोई गैस खरीदने के लिए अनौपचारिक नेटवर्क पर निर्भर रहते हैं, पहले से ही इसका सबसे बड़ा असर झेल रहे हैं। सरकार चाहे जो दावा करे, एलपीजी अपने सबसे गंभीर संकट से गुजर रही है, क्योंकि कुल खपत का 88 प्रतिशत आयात से पूरा होता है, जिसमें लगभग 40 प्रतिशत उस यातायात से आता है, जो होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरता है।

# प्रधानमंत्री की अपील : भारत को आने वाले वैश्विक संकट से सुरक्षित करने की दूरदर्शी तैयारी!

**आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इन अपीलों को केवल सोशल मीडिया संदेश या राजनीतिक बहस का विषय न बनाकर उनके पीछे छिपे संदेश को समझें। यदि देश का नेतृत्व हमें आत्मनिर्भर बनने, संसाधनों की बचत करने और स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है, तो संभवतः वह आने वाले समय की चुनौतियों को हमसे पहले देख रहा है। एक जिम्मेदार नेतृत्व वही होता है जो संकट आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले जनता को तैयार करे।**



**प्रकाश पंकज, हल्दौर**

आज जब पूरा विश्व आर्थिक अस्थिरता, युद्ध, ऊर्जा संकट, बढ़ती महंगाई और बदलती वैश्विक राजनीति के दौर से गुजर रहा है, तब भारत जैसे विशाल और विकासशील राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल विकास की गति बनाए रखना नहीं, बल्कि आने वाले संभावित संकटों से अपने नागरिकों और अर्थव्यवस्था की रक्षा करना भी है। ऐसे समय में यदि देश का प्रधानमंत्री जनता से कुछ त्याग करने, संयम अपनाने और राष्ट्रहित को व्यक्तिगत सुविधा से ऊपर रखने की अपील करता है, तो उसे केवल राजनीतिक वक्तव्य मानकर अनदेखा कर देना उचित नहीं होगा। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ी जिन अपीलों की चर्चा पूरे देश में हो रही है- जैसे एक वर्ष तक सोना न खरीदना, विदेशी यात्रा से बचना, पेट्रोल-डीज़ल का कम उपयोग करना, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना तथा जहां संभव हो वहां 'वर्क फ्रॉम होम' को प्राथमिकता देना वे केवल सामान्य सुझाव नहीं प्रतीत होते, बल्कि उनमें एक दूरदर्शी नेतृत्व की चिंता, चेतावनी और राष्ट्र के भविष्य को सुरक्षित रखने का गंभीर संदेश छिपा हुआ दिखाई देता है।



भारत आज विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला राष्ट्र है। हमारी आवश्यकताएं विशाल हैं, हमारी आकांक्षाएं ऊंची हैं और हमारे सामने चुनौतियां भी उतनी ही बड़ी हैं। हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आज भी बड़े पैमाने पर विदेशी देशों पर निर्भर हैं। पेट्रोलियम पदार्थों का आयात हमारी अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डालता है। इसी प्रकार भारत दुनिया में सोने के सबसे बड़ा उपभोक्ता देशों में गिना जाता है, जिसके कारण हर वर्ष अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा देश से बाहर चली जाती है। ऐसे में यदि प्रधानमंत्री जनता से कुछ समय के लिए सोना न खरीदने और ईंधन की बचत करने की अपील करते हैं, तो यह केवल आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने का प्रयास भी माना जा सकता है। यह उस पिता की चिंता की तरह प्रतीत होती है, जो आने वाले कठिन समय को भांपकर अपने परिवार को पहले से सावधान कर देता है ताकि संकट आने पर परिवार कमजोर न पड़े।

भारतीय इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि जब-जब देश कठिन दौर से गुजरा, तब-तब जनता ने त्याग और अनुशासन से राष्ट्र को संभाला है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया था। उस समय भी अनेक लोगों को यह सामान्य बात लगी होगी, परंतु उसी स्वदेशी आंदोलन ने भारत की आत्मा को जागृत किया। विदेशी कपड़ों की होली केवल वस्त्रों का त्याग नहीं थी, वह आत्मसम्मान की अग्नि थी, जिसने गुलामी की जंजीरों को कमजोर कर दिया। लाल बहादुर शास्त्री ने देश के खाद्यान्न संकट के समय जनता से सप्ताह में एक दिन उपवास रखने की अपील की थी। करोड़ों भारतीयों ने उस अपील को आदेश नहीं, बल्कि राष्ट्रधर्म मानकर स्वीकार किया। उसी त्याग ने भारत को आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में आगे बढ़ाया और हरित क्रांति का मार्ग प्रशस्त हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भी अनेक ऐसे अवसर आए जब उन्होंने देशवासियों को केवल सरकारी योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी बनाने का प्रयास किया। स्वच्छ भारत अभियान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वर्षों तक सफाई केवल सरकार की जिम्मेदारी समझी जाती रही, परंतु जब प्रधानमंत्री स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर सड़कों पर उतरे, तब देश ने महसूस किया कि राष्ट्र निर्माण केवल भाषणों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से होता है। कोरोना महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया भय और असहायता के वातावरण में डूबी हुई थी, तब भारत में जनता कर्फ्यू, ताली-थाली और दीप जलाने जैसे प्रतीकात्मक आह्वान केवल आयोजन नहीं थे, वे करोड़ों भारतीयों में सामूहिक शक्ति, विश्वास और मानसिक एकता जगाने का प्रयास थे। उस कठिन समय में भारत ने सीमित संसाधनों के बावजूद दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर यह सिद्ध किया कि यदि नेतृत्व और जनता एक साथ खड़े हों तो असंभव भी संभव हो सकता है।

निस्संदेह हर नीति और हर निर्णय के सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों पहलू होते हैं। नोटबंदी के दौरान अनेक लोगों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। छोटे व्यापारियों और मजदूर वर्ग को तत्कालिक समस्याएं झेलनी पड़ीं। कोविड लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों का दर्द पूरे देश ने देखा। इन घटनाओं को नकारा नहीं जा सकता। परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी बड़े राष्ट्र को लंबे समय तक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कभी-कभी कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। इतिहास में वही नेतृत्व सफल माना गया है जो केवल वर्तमान की लोकप्रियता के बारे में नहीं सोचता, बल्कि भविष्य की सुरक्षा के लिए कठिन फैसले लेने का साहस भी रखता है।

आज विश्व जिस दिशा में बढ़ रहा है, वहां आर्थिक युद्ध पारंपरिक युद्धों से अधिक खतरनाक बन चुके हैं। डॉलर की ताकत, तेल की राजनीति, वैश्विक व्यापारिक प्रतिबंध और आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण- ये सब आधुनिक विश्व की नई चुनौतियां हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध ने पूरी दुनिया को यह सिखा दिया कि यदि कोई देश ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं के लिए पूरी तरह विदेशों पर निर्भर हो जाए, तो संकट के समय उसकी स्थिति कितनी कमजोर हो सकती है। संभव है कि प्रधानमंत्री मोदी इन्हीं वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारतवासियों को अभी से आत्मनिर्भरता और संयम का संदेश दे रहे हों। यह केवल वर्तमान बचाने का नहीं, बल्कि भविष्य सुरक्षित करने का प्रयास प्रतीत होता है।

जब वे स्वदेशी अपनाने की बात करते हैं, तो उसका अर्थ केवल विदेशी वस्तुओं का विरोध नहीं होता, बल्कि भारतीय उद्योगों, कारीगरों, किसानों और युवाओं को सशक्त बनाना होता है। जब कोई भारतीय परिवार विदेशी ब्रांड के बजाय देश में निर्मित वस्तु खरीदता है, तब वह केवल सामान नहीं खरीदता, बल्कि किसी भारतीय मजदूर के घर का चूल्हा जलाने में योगदान देता है। जब कोई नागरिक सार्वजनिक परिवहन अपनाता है, तो वह केवल ईंधन नहीं बचाता, बल्कि देश की विदेशी मुद्रा की रक्षा भी करता है। जब किसान प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ता है, तो वह केवल मिट्टी को नहीं बचाता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को सुरक्षित करता है।

# निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने गये रणजीत सिंह

## उत्तर प्रदेशीय हाईस्कूल शिक्षक संघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**हल्दौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, जनपद बिजनौर की ब्लॉक हल्दौर इकाई का त्रिवार्षिक अधिवेशन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में रणजीत सिंह निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

सोमवार को बीआरसी हल्दौर पर चुनाव अधिकारी संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर हितेश कुमार ब्लॉक एवं पर्यवेक्षक जिला उपाध्यक्ष नजमा खातून की देखरेख में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न पदों पर प्राप्त नामांकन के आधार पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रणजीत सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, जबकि ब्लॉक मंत्री पद पर सचिन राजपूत निर्विरोध घोषित हुए। इसके अतिरिक्त कोषाध्यक्ष पद राहुल कुमार, उपाध्यक्ष पद पर अतीक अहमद अंसारी, नवनीत कुमार, कुमुद रानी, बृजेश कुमार, संयुक्त मंत्री पद पर मनीष कुमार, डॉ. सरस्वती, वंदना कुमारी, अंजिता रानी, लेखाकार पद पर कंचन कुमार एवं ऑडिटर पद पर रीना चौहान को निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम घोषणा के उपरांत जिलाध्यक्ष सुधीर यादव द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह एवं ब्लॉक मंत्री सचिन राजपूत ने समस्त शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षक हितों की रक्षा, समस्याओं के समाधान तथा संगठन की मजबूती हेतु वह सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। अधिवेशन में मंडल महामंत्री हिरेंद्र यादव, जिला मंत्री राहुल राठी, जिला उपाध्यक्ष तारिक अलीम, तरुण गुप्ता, जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया जावेद, खूब सिंह, चंद्रपाल सिंह,भूपेंद्र, विक्रांत, प्रमेंद्र रायसन, अर्चना सिंह, मीनाक्षी शर्मा, आलिमा, रेशमा, ऋतु सिंह, शाहजहां, नगमा अफजाल, हेमलता सहित ब्लॉक स्तर के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।



## जसपुर तिराहे पर नहीं मिलता पानी राहगीरों को बड़ी परेशानी

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** भीषण गर्मी के बीच नगर के व्यस्ततम जसपुर तिराहे पर पेयजल व्यवस्था बदहाल होने से राहगीरों और मुसाफिरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तिराहे पर लगे तीनों हैंडपंप खराब पड़े हैं, जबकि काशीपुर बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास नगर पालिका परिषद द्वारा लगाया गया नया वाटर फ्रीजर भी अब तक चालू नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर पालिका द्वारा वाटर फ्रीजर तो स्थापित कर दिया गया, लेकिन उसमें अभी तक बिजली और पानी का कनेक्शन नहीं किया गया है। इसके चलते फ्रीजर शोपीस बनकर रह गया है। वहीं पहले से संचालित पुराने फ्रीजर को भी तिराहे से हटवा लिया गया, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। गर्मी के इस मौसम में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। पानी की तलाश में लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मुंशी मोहम्मद इदरीस, मुंशी छोटे, इकरार अंसारी, राशिद पेंटर, मुंशी जिया खान व मोहम्मद तारिक सहित अन्य लोगों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से मांग की है कि जसपुर तिराहे पर खराब पड़े तीनों हैंडपंपों को शीघ्र ठीक कराया जाए तथा यात्री प्रतीक्षालय के पास लगाए गए नये वाटर फ्रीजर को तत्काल चालू कराया जाए, ताकि राहगीरों और मुसाफिरों को गर्मी में राहत मिल सके।




## बंगाल के मुख्यमंत्री बने सुबेंदु अधिकारी ब्राह्मण समाज मोदी-शाह का आभारी

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला साहूवान स्थित पंडित गुरु नेतराम मंदिर में एक सूक्ष्म कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह का इसलिए आभार व्यक्त किया गया क्योंकि उन्होंने ब्राह्मण समाज को मान-सम्मान देते हुए ब्राह्मण समाज के सुबेंदु अधिकारी को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाया। काफी समय के बाद बंगाल में सत्ता का परिवर्तन हुआ है। जिसकी कमान सुबेंदु अधिकारी के हाथों दी गई है। कार्यक्रम में शोभा शर्मा बिजनौर ने ब्राह्मण समाज के लोगों से अपने बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाकर योग्य बनाने की बात कही। भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज शर्मा ने कहा कि आज ब्राह्मण समाज जागरूक हो चुका है, ब्राह्मण समाज को हर राजनीतिक दल की आवश्यकता है। हमें सोच समझकर निर्णय लेना है। कार्यक्रम में मीनू शर्मा, भाजपा नेता नीरज सभासद, एड. विभोर कौशिक, शोभित चौकडायत,गौरांग शर्मा, मोहित शर्मा नगीना,शोभा शर्मा, शशि शर्मा,गीता शर्मा,नरेश बाला, महेंद्र शर्मा नुनुपुरा, विशाल शर्मा बिजनौर, मुकेश मोहन शर्मा, नमन कौशिक, जीतू शर्मा, अनिल शर्मा, जगत शर्मा, संदीप कौशिक, विश्वेश शर्मा, अशोक ठेकेदार, प्रमोद शर्मा, योगेश शर्मा, दिनेश शर्मा, दीपक कौशिक आदि रहे। कार्यक्रम के संयोजक निर्मल पांडे रहे तथा संचालन अजय कुमार कौशिक व अनिल शर्मा ने किया।



## हाईस्कूल के टॉप टेन छात्रों को सम्मानित किया



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** भारतीय शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ (बिजनौर) में हाईस्कूल की परीक्षा में टॉप 10 छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री डोमेश्वर साहू द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। मोहम्मद अल्फैज ने प्रथम, विकास कुमार एवं पावनी ने द्वितीय, साची कुमारी ने तृतीय, प्रिंसपाल सिंह ने तृतीय, अंशिका सिंह ने पंचम, निखिल कुमार ने षष्ठ, मनीष कुमार ने सप्तम, नैतिक कुमार ने अष्टम, मानसा ने नवम तथा खिलित कुमार ने दशम स्थान प्राप्त किया। श्रीमान संगठन मंत्री ने भैया-बहनों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की तथा बताया कि वह अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें एवं लक्ष्य की प्राप्ति हेतु योजनाबद्ध तरीके से कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष योगराज सिंह तथा सहव्यवस्थापक श्री मनोज वर्मा उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह ने भैया-बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक माह बाद भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक माह पूर्व हुई चोरी का स्थानीय पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई, जिसे लेकर पीड़ित ने स्थानीय पुलिस टीम की लापरवाही की शिकायत करते हुए एसपी को प्रार्थना-पत्र देकर घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की है।

**पीड़ित ने एसपी से शिकायत की**

अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम उद्योवाला निवासी शिक्षक भूपेंद्र सिंह के यहां 6/7 अप्रैल की मध्य रात्रि चोरी की वारदात घटित हुई थी। भूपेंद्र सिंह ने उसी समय कार्यवाही हेतु थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को प्रार्थना-पत्र दे दिया था। हालांकि अफजलगढ़ पुलिस ने उस समय मुकदमा तो दर्ज किया, मगर पुलिस अभी तक इस घटना का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक शिवम तायल का कहना है कि घटना के खुलासे के प्रयास किए जा रहे हैं।

# विजय गोयल ने डीएसएम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया

## धामपुर शुगर मिल में हुई श्रद्धांजलि सभा


श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नागरिकता।

**धामपुर (चिंगारी)।** भारतीय चीनी उद्योग के स्तंभ, धामपुर शुगर मिल्स एवं धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के संस्थापक चेयरमैन कुंवर विजय कुमार गोयल के निधन पर धामपुर शुगर मिल के गेस्ट हाउस परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कुंवर विजय कुमार गोयल का देहावसान 10 मई को दिल्ली में हो गया था। 9 नवम्बर 1940 को बरेली, (उत्तर प्रदेश' में जन्मे श्री गोयल ने 65 वर्षों से अधिक के अपने गौरवशाली कार्यकाल में डीएसएम को भारत के अग्रणी चीनी उद्योग समूहों में स्थापित किया। श्रद्धांजलि सभा में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने स्व. विजय गोयल को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि विजय गोयल के आदर्शों, मूल्यों एवं उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही डीएसएम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

वक्ताओं ने बताया कि विजय कुमार गोयल ने शिक्षा के क्षेत्र में पुष्प निकेतन स्कूल के साथ रजपुरा एवं असमोली यूनिट में ऐकेडमी ऑफ मॉडर्न लर्निंग स्कूल की स्थापना की। धामपुर यूनिट में स्थापित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से उन्होंने देश को स्क्वॉश के क्षेत्र में कई प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर विशेष योगदान दिया और क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सभा में पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान, मोहड्डा निवासी लाल बहादुर सिंह, प्रमोद मिश्रा, जितेंद्र शर्मा बबलू, बलिराम सिंह, ग्राम प्रधान अल्हेपुर प्रदीप कुमार, रविशंकर अग्रवाल, पत्रकार महेश शर्मा, सरदार महेंद्र सलूजा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

धामपुर शुगर मिल यूनियन के पदाधिकारियों में उत्तम सिंह, वीरेंद्र यादव, धर्मेंद्र सिंह, शिखर चंद, प्रदीप सिंह, विशेष शर्मा, आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा का संचालन डॉ. शंकर लाल शर्मा एवं कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

### अशोक कटारिया ने शोक संदेश भेजा

**विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार कटारिया ने धामपुर शुगर मिल प्रबंधन को अपना शोक संदेश प्रेषित किया एवं स्व. गोयल के औद्योगिक एवं सामाजिक योगदान और उनके द्वारा एक अनजान व्यक्ति को किडनी दान को स्मरण कराया।**

## लेखपाल द्वारा मकान जमींदोज करने के विरुद्ध ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन


उप जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर में तैनात लेखपाल संदीप शर्मा को कथित रूप से रिश्वत न दिए जाने पर सोमवार की शाम एक मकान जेसीबी मशीन से जमींदोज कर दिए जाने के विरोध में आज पूर्वाह्न ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह चौहान व पीड़ित व्यक्ति ने उप जिला अधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा से मिलकर आरोपी लेखपाल के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की।

ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर निवासी सोमपाल सिंह कश्यप ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार की गुजर बसर करता है। उसने अपने खून पसीने की कमाई से अपनी पुश्तैनी जगह पर पक्का मकान बनाया है। उनका आरोप है कि सोमवार की शाम हलका लेखपाल संदीप शर्मा जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचा और मकान को जमींदोज कर दिया। उन्होंने बताया कि लगभग 3 लाख रुपए की लागत से उन्होंने मकान का निर्माण किया था। उनका कहना है कि लेखपाल उनसे 50 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा था और उन्होंने दीपक कुमार की मौजूदगी में 20 हजार रुपए उसको दे भी दिए थे। इसके बावजूद उसने मकान जमींदोज कर दिया।

राजस्व विभाग की इस कार्यवाही के विरोध में आज पूर्वाह्न भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह चौहान ,छोटे सिंह ,अमित कुमार, रोहित कुमार, बाबूराम, राजू कश्यप, रोशन सिंह कश्यप, नरेश कश्यप, पुष्पा कश्यप, गायत्री कश्यप, प्रीतम कश्यप, बिमला कश्यप पिंकी कश्यप, दीपक कश्यप सहित दर्जनों ग्रामीण उप जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और लेखपाल के विरुद्ध प्रदर्शन किया।

उधर, लेखपाल संदीप शर्मा ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के खसरा नंबर 53 की आराजी पर तालाब दर्ज है। इस भूमि पर सोमपाल सिंह कश्यप मकान बना रहे थे। इनको पहले भी मकान बनाने के लिए मना किया गया था। इसी कारण यह कार्यवाही की गई है।

## कल होगा सत्संग

**धामपुर (चिंगारी)।** संत निरंकारी सत्संग मंडल के संस्थापक बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पावन पुण्यतिथि पर कल 13 मई, बुधवार को प्रातः 10 बजे गांव जैतरा में नूरपुर मार्ग स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था से जुड़े मुखी भीम सिंह एडवोकेट ने दी।

## कॉमर्शियल गैस के दाम घटाने की मांग

**धामपुर (चिंगारी)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल शाखा धामपुर द्वारा राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कॉमर्शियल एलपीजी गैस की बढ़ी हुई कीमत के बाद भी उपभोक्ताओं को आसानी से नहीं मिलने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। महामहिम को डाक से प्रेषित ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव विपुल जैन व कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल,नमन अग्रवाल ने मांग की है कि कॉमर्शियल एलपीजी गैस की बढ़ी हुए कीमतों को वापस लिया जाए और ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे कमर्शियल गैस उपभोक्ता को आसानी से मिले सकें।

## शिखर शिशु सदन में उल्लासपूर्वक मनाया गया मातृ दिवस

# बच्चों ने अपनी माताओं के साथ किया रैंप वॉक



मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और उनकी माताएं।

**धामपुर (चिंगारी)।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृदिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक नरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया।

विद्यालय की छात्रा हिमांशी द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से माँ की स्तुति की गई। तत्पश्चात छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपनी मां के साथ रैंप वॉक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। वॉक में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमश: नगमा-हसन, लक्ष्मी- जयेश, हिमांशी-हंशिक, वरीयता- दुगांत, आस्था- आराध्या, श्रुति-शिवन्या, संगीता- दिव्यांशी , शाजिया-आरिज़, पिंकी-हिमांश, प्रीति शर्मा- अर्जित, गीता-अकुल, निधि-आरव आदि ने प्राप्त किया। रैंप वॉक में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाली माताओं को श्रीमती मधुश्री और प्रधानाचार्या श्रीमती भारती सिंह द्वारा मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया ।

इस मौके पर 2026 सत्र के दसवीं के टॉप 20 विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉपर अवनि, रिशांत, जिया शर्मा, अव्या, श्रुति भारद्वाज, तरुण, अंशिका, तनिष्क, माही, दीप सूर्यवाल, जिया, राधिका, माही आदि रहे। विद्यालय के शिक्षण स्टाफ द्वारा रैंप वॉक करके कार्यक्रम और मनोरंजक बना दिया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती सिंह ने कहा कि मां की जगह कोई नहीं ले सकता, मां की ममता अटूट, नि:स्वार्थ होती है। मंच संचालन हिमांशी और श्रुति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार गुप्ता, श्रीमती मधुश्री गुप्ता, सुनीता गोयल ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर.एन. सिंह, अनुप्रेक्षा जैन, श्रीमती तारा, श्रीमती अर्चना भटनागर, मनजीत कौर, उमा, अनीता, अक्षिता, अंकित सिसोदिया, अंकित शर्मा, आकाश चौहान आदि का सहयोग रहा।

## प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**धामपुर (चिंगारी)।** चीनी मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष गन्ना संजीव कुमार, विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने गन्ने की फसल को रोगो एवं कीटों से बचाव हेतु चीनी मिल द्वारा पेस्टिसाइड, कृषि यंत्रों पर दिए जा रहे अनुदान एवं किये जा रहे विकास कार्यों से संबंधित एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन मिल क्षेत्र में आने वाले समस्त गांवों में जाकर चीनी मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में प्रचार प्रसार करेगा। इस मौके पर मनोज चौहान वरिष्ठ प्रबंधक, दिनेश राजपूत उप प्रबंधक, राजेश कुमार सहायक प्रबंधक, लविश कुमार, संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीन पर किये जा रहे निर्माण को ध्वस्त कराया

**शेरकोट (चिंगारी)। एक व्यक्ति द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा कर किये गए अवैध निर्माण को राजस्व विभाग टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया।**

क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद में तालाब की भूमि पर सोमपाल सिंह द्वारा निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों से किए जाने पर राजस्व विभाग द्वारा मामले की जांच की गई। हलका लेखपाल संदीप कुमार ने बताया कि जांच में शिकायत सही पाए जाने पर उपजिलाधिकारी के आदेश पर सोमवार की शाम कानूनगो गोविंद सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ मौके



पर पहुंची और जेसीबी की मदद से भूमि पर किये गए निर्माण को ध्वस्त कराकर भूमि को कब्जामुक्त करा दिया। हलका लेखपाल ने बताया कि इस व्यक्ति को पूर्व में भी निर्माण न करने और कब्जा हटाने की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कुछ अन्य लोगों द्वारा भी तालाब की भूमि पर निर्माण कर अवैध कब्जा करने का मामला भी सामने आया है। उन्होंने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्दी ही ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया। इस मौके पर लेखपाल संदीप कुमार, रविन्द्र कुमार, जगमोहन सिंह, पप्पू कुमार, सब इंस्पेक्टर योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मकान की छत से गिरकर युवक की मौत, परिवार में शोक



मृतक का फाइल फोटो

अफजलगढ़ (चिंगारी)। मोहल्ला मियाजी मोखा निवासी मोहम्मद आरिश उर्फ राजा पुत्र अकरम रविवार रात भोजन के बाद घर की छत पर सोने के लिए गया था। परिजनों और आसपास के लोगों के अनुसार सोमवार सुबह दिन निकलने पर संभवतः नींद की हालत में ही नीचे आने लगा। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह दो मंजिला छत से सीधे नीचे सड़क पर जा गिरा। आरिश को आनन-फानन में उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचने लगे। जवान बेटे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। सोमवार को असर की नमाज के बाद गमगीन माहौल में स्थानीय कब्रिस्तान में युवक को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# बिजनौर में एग्रीजंक्शन योजना के तहत खुलेंगी 11 वन स्टॉप शॉप

## बेरोजगार कृषि स्नातकों को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगार कृषि स्नातकों को स्वरोजगार से जोड़ने और किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद बिजनौर में प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत जिले में 11 वन स्टॉप शॉप स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उपकृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश (चावल अनुभाग) के पत्र का हवाला देते हुए बताया कि योजना का उद्देश्य कृषि निवेश, कृषि प्रसार सेवाएं और तकनीकी सहायता किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि योजना के लिए जनपद के बेरोजगार कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक तथा कृषि एवं सहबद्ध विषयों जैसे उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन आदि में डिग्रीधारी अभ्यर्थी पात्र होंगे। संबंधित डिग्री आईसीएआर या यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की होनी चाहिए।

अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम पांच वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। पात्र अभ्यर्थियों में अधिक आयु वाले यानी जिनकी जन्मतिथि पहले की होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के तहत चयन जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी कृषि विभाग की वेबसाइट http://agriculture.up.gov.in/Agrijunction पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र के गांव लालवाला में हुए ज़मीनी विवाद में दलितों पर पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज प्रकरण में सहारनपुर जा रहे भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष राजकुमार एडवोकेट को उनके निवास पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। राजकुमार एडवोकेट ने बताया कि जनपद सहारनपुर में देवबंद के क्षेत्रीय गांव लालवाला में गांव के ही दो गुटों के बीच एक भूखंड को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज किया। घायलों को देखने, अपने समाज को सांत्वना देने के लिए भीम आर्मी (जय भीम) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत नौटियाल के आह्वान पर 12 मई को घटना स्थल पर जाना था। उनके साथ संगठन के 35 कार्यकर्ताओं को भी जाना था, लेकिन प्रशासन ने हाउस अरेस्ट कर लिया।



# भाकियू कार्यकर्ताओं ने अपना अलग ब्लॉक अध्यक्ष बनाया

## नहटौर में भाकियू टिकैत के दो ब्लॉक अध्यक्ष

**नहटौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नहटौर ब्लॉक में दो अध्यक्ष बन गये हैं। जिलाध्यक्ष ने विकास कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनित किया। शनिवार को कार्यकर्ताओं ने अरुण कुमार को अपना नया ब्लॉक अध्यक्ष घोषित कर दिया।

बता दें कि भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान द्वारा ग्राम फुलसंदा निवासी विकास कुमार को नहटौर का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया था, जिनका शुक्रवार को स्वागत हुआ था। शनिवार को भाकियू पदाधिकारियों की ब्लॉक में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से अरुण कुमार निवासी मुस्सेपुर को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिससे नहटौर ब्लॉक में दो अध्यक्ष होने से संगठन की गुटबंदी खुलकर सामने आ गई है।

इस अवसर पर जिला सचिव जगत सिंह डबास, जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुजीव कुमार, अशोक सैनी, आलोक डबास, विजेंद्र सिंह, सोनू सैनी, नरेंद्र सैनी, शिवनाथ सैनी, रफीक अहमद, रईस अहमद, आदेश कुमार, अमित कुमार, धर्मवीर सिंह, नीरज कुमार, सुमित शर्मा, मुदित त्यागी आदि उपस्थित रहे। उधर, जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष विकास कुमार है। नया ब्लॉक अध्यक्ष को बनाने वाले लोग संगठन विरोधी हैं। इनका संगठन से कोई लेना-देना नहीं है। संगठन में गुटबाजी अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि चिंगारी सांध्य दैनिक में प्रकाशित किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार-पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार-पत्र ऐसे विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। -प्रकाशक

# रोटरी क्लब गंगा ने 10 माताओं को किया सम्मानित

**बिजनौर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब गंगा बिजनौर द्वारा मदर डे (मातृ-दिवस) पर 10 माताओं को सम्मानित किया गया।

आर्य समाज विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्य समाज इन्टर कॉलेज के प्रबंधक विजेंदर सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्य समाज के अध्यक्ष सतेन्द्र रहे। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि क्लब प्रतिवर्ष 10 मई को माताओं को सम्मानित करता है। क्लब सचिव रोटेरियन रेखा अग्रवाल ने कहा कि मां के बिना कोई घर, घर नहीं लगता है। कोषाध्यक्ष रोटेरियन नवीन अग्रवाल ने भी सभी को संबोधित किया और बताया कि मां की ममता और प्रेम को शब्दों में बांध पाना संभव नहीं है। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन आदेश भटनागर ने बताया कि मां ही है जो किसी परिवार को दिशा और दशा प्रदान करती है।



इस अवसर पर पारुल अग्रवाल, डॉ. इंदु मिश्रा, गजे सिंह, आदेश भटनागर, डॉ. नवनेश कोठारी, डॉ. प्रिया कोठारी, डॉ. हितेश शर्मा, राजीव गुप्ता, विमल गुप्ता, शालिनी गुप्ता, रेखा शर्मा, दिनेश शर्मा, खगेश शर्मा, सूफिया बानो, संजीव कुमार शर्मा आदि उपस्थिति रहे।

# पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर दिल्ली कैपिटल्स ने प्लेऑफ की उम्मीद को जिंदा रखा



**धर्मशाला (एजेंसी/चिंगारी)।** अक्षर पटेल (56) और डेविड मिलर (51) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 55वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हराकर अपनी प्ले ऑफ की उम्मीद को जिंदा रखा।

पंजाब किंग्स की यह लगातार चौथी हार है। धर्मशाला में आजतक आईपीएल में 200 से अधिक का लक्ष्य चेज़ नहीं किया गया था और दिल्ली कैपिटल्स के सामने 211 का लक्ष्य भी था।

पावरप्ले में ही दिल्ली कैपिटल्स ने तीन विकेट गंवा दिए थे और ट्रिस्टन स्टब्स दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट भी हो गए थे।

दिल्ली कैपिटल्स पर दबाव लगातार बढ़ता ही जा रहा था, लेकिन यहां से अक्षर और मिलर ने पारी को संभाला। अक्षर अर्धशतक बनाकर आउट हो गए और इसके बाद आक्रमण की जिम्मेदारी मिलर ने संभाली। हालांकि मिलर भी अर्धशतक बनाकर आउट हो गए। आखिरी ओवरों में माधव तिवारी आठ गेंदों में (नाबाद 18) और आशुतोष शर्मा 10 गेंदों में 24 रन की विस्फोटक बल्लेबाजी ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के करीब पहुंचा दिया।

आशुतोष शर्मा ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये, वहीं माधव तिवारी ने दो चौके और एक छक्का लगाये।

आशुतोष के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये आकिब नबी ने दो गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 10) रन बनाये।

उन्होंने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर मैच विजयी छक्का लगाया। इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स अभी भी प्लेऑफ़ की दौड़ में जीवित है।

211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 33 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। अभिषेक पोरेल (पांच) को यश ठाकुर ने बोल्ड किया। केएल राहुल (नौ) और साहिल पारेख (13) को अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद कप्तान अक्षर पटेल ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान 12वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (12) रनआउट हुये। 74 रन पर चार विकेट गंवा कर संकट में फंसी दिल्ली के लिए डेविड मिलर और अक्षर पटेल की जोड़ी ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। 14वें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने अक्षर पटेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 64 रनों की साझेदारी हुई। अक्षर पटेल ने 30 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में डेविड मिलर आउट हुये। डेविड मिलर ने 28 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 51रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स ने 19 ओवरों में सात विकेट पर 216 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# मुझे जान बूझकर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में नहीं खेलने दिया जा रहा है- विनेश फौगाट

**गोण्डा (एजेंसी/चिंगारी)।** अंतराष्ट्रीय पहलवान विनेश फौगाट ने सोमवार को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) पर उन्हें जान बूझकर नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट से बाहर रखने का आरोप लगाया।

टूर्नामेंट में भाग लेने नंदनीनगर पहुंची फौगाट ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के इशारे पर उन्हें ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में नहीं खेलने देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि संन्यास से वापसी के लिए उन्होंने सभी आवश्यक नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया है तथा डब्ल्यूएफआई द्वारा जारी 'कारण बताओ' नोटिस का जवाब भी भेज दिया है।



फौगाट ने कहा कि वह पूरी तैयारी और डोप टेस्ट में क्लीन होकर प्रतियोगिता खेलने आई हैं। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएफआई की ओर से उन्हें शुक्रवार को नोटिस जारी किया गया, जबकि प्रतियोगिता शुरू होने में केवल दो दिन शेष थे। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उन्होंने दिसंबर 2024 में ही वापसी की इच्छा जाहिर कर दी थी तो छह महीने तक नोटिस क्यों नहीं भेजा गया। उन्होंने कहा कि यदि पहले नोटिस जारी किया जाता तो समय रहते जवाब दिया जा सकता था, लेकिन शनिवार और रविवार को अदालत बंद रहने के कारण कानूनी मदद लेने का अवसर भी नहीं मिला। विनेश ने दावा किया कि उन्होंने जून 2024 में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को भी अपने संन्यास से वापसी की जानकारी दे दी थी और वापसी से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली थीं।

## अचला (अपरा) एकादशी : 13 मई, बुधवार

# भगवान श्रीहरि विष्णु की आराधना से मिलेगी सुख-समृद्धि, खुशहाली

## अचला एकादशी पर आयुष्मान व सौभाग्य योग का अनुपम संयोग
## अचला एकादशी व्रत से भाग्य में लगेंगे चार चाँद

भारतीय संस्कृति के हिन्दू धर्मशास्त्रों में प्रत्येक माह की तिथियों की विशेष पहचान है। मास व तिथि के संयोग होने पर ही पर्व मनाया जाता है। पर्व मंगल की कामना के संग तिथि विशेष पर भगवान श्रीहरि विष्णुजी की पूजा-अर्चना की जाती है। ज्येष्ठ कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि का अपना खास महत्त्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार अचला (अपरा) एकादशी के दिन, भक्त भगवान विष्णु जी की पूजा-अर्चना करके पुण्यलाभ उठाते हैं।

प्रख्यात ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि ज्येष्ठ कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि अचला (अपरा) एकादशी के नाम से जानी जाती है। इस बार ज्येष्ठ कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि आज 12 मई, मंगलवार को दिन में 2 बजकर 53 मिनट पर लगेगी, जो कि 13 मई, बुधवार को दिन में 1 बजकर 31 मिनट तक रहेगी। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र आज 12 मई, मंगलवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात 1 बजकर 18 मिनट से 13 मई, बुधवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात 12 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। अचला (अपरा) एकादशी का व्रत 13 मई, बुधवार को रखा जाएगा। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि महाभारत काल में युधिष्ठिर के आग्रह करने पर श्रीकृष्ण भगवान ने अचला



(अपरा) एकादशी व्रत के महत्व के बारे में पांडवों को बताया था। इस एकादशी के व्रत के प्रभाव स्वरूप पांडवों ने महाभारत का युद्ध जीत लिया। मान्यता है कि अपरा एकादशी व्रत रखने से अपार धन की प्राप्ति होती है।

### पूजा का विधान

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि व्रत के दिन सूर्योदय के पूर्व ब्रह्ममुहूर्त में उठकर अपने समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर गंगा-स्नानादि करना चाहिए। गंगा-स्नान यदि सम्भव न हो तो घर पर ही शुद्ध जल से स्नान कर स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के पश्चात अचला एकादशी के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। सम्पूर्ण दिन व्रत-उपवास रखना चाहिए। विशेष परिस्थितियों में जल, दूध या फलाहार ग्रहण किया जा सकता है। आज के दिन सम्पूर्ण दिन निराहार रहना चाहिए, चावल तथा अन्न ग्रहण करने का निषेध है। भगवान श्रीविष्णु की विशेष अनुकम्पा-प्राप्ति एवं उनकी प्रसन्नता के लिए भगवान श्रीविष्णु जी के मन्त्र 'ॐ नमो नारायण' या 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का नियमित रूप से अधिकतम संख्या में जप करना चाहिए। आज के दिन ब्राह्मण को यथा सामर्थ्य उपयोगी वस्तुओं का दान दक्षिणा के साथ करना चाहिए। अपने जीवन में मन-वचन कर्म से नियमित संयमित रहते हुए यह व्रत करना विशेष लाभदायी रहता है। भगवान श्रीविष्णु जी की श्रद्धा, आस्था भक्तिभाव के साथ आराधना कर पुण्य अर्जित करना चाहिए, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि, आरोग्य व सौभाग्य में अभिवृद्धि बनी रहे।

### अचला एकादशी की प्रचलित कथा

प्राचीनकाल में महीध्वज नामक एक धर्मात्मा राजा था। उसका छोटा भाई वज्रध्वज बड़ा ही क्रूर अधर्मी तथा अन्यायी था, वह अपने बड़े भाई से द्वेष रखता था। उस पापी ने एक दिन रात्रि में अपने बड़े भाई की हत्या करके उसकी देह को एक जंगली पीपल के नीचे गाड़ दिया। इस अकाल मृत्यु से राजा प्रेतात्मा के रूप में उसी पीपल पर रहने लगा और अनेक उत्पात करने लगा। एक दिन अचानक धौम्य नामक ऋषि उधर से गुजरे। उन्होंने प्रेत को देखा और तपोबल से उसके अतीत को जान लिया। अपने तपोबल से प्रेत उत्पात का कारण समझा। ऋषि ने प्रसन्न होकर उस प्रेत को पीपल के पेड़ से उतारा तथा परलोक विद्या का उपदेश दिया। दयालु ऋषि ने राजा की प्रेत योनि से मुक्ति के लिए स्वयं ही अचला (अपरा) एकादशी का व्रत किया और उसे अगति से छुड़ाने को उसका पुण्य प्रेत को अर्पित कर दिया। इस पुण्य के प्रभाव से राजा की प्रेत योनि से मुक्ति हो गई। वह ऋषि को धन्यवाद देता हुआ दिव्य देह धारण कर पुष्पक विमान में बैठकर स्वर्ग को चला गया। अचला एकादशी की कथा पढ़ने अथवा श्रवण मात्र से मनुष्य के पापों का शमन हो जाता है। इस विशेष दिन पर दान और पुण्य के विभिन्न कार्य करने से, भक्त अपने पूर्वजों और देवताओं के दिव्य आशीर्वाद से धन्य हो जाते हैं।



**ज्योतिर्विद श्री विमल जैन**
मो. : 09335414722

# पुरानी पेंशन बहाली तक संगठित होकर संघर्ष करेंगे शिक्षक-कर्मचारी

## सिंचाई संघ के बैनर तले विभिन्न संगठनों की हुई बैठक



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर के बैनर तले विभिन्न विभागीय संगठनों की संयुक्त बैठक उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी परिषद जिला संरक्षक देशराज सिंह की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में हुई, जिसे संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार एवं जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए किये जा रहे संघर्ष के लिए हम सब संगठित हैं। पुरानी पेंशन बहाली सहित कर्मचारियों के प्रत्येक हक के लिए परिषद तत्पर है। संयुक्त राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि संगठित होकर यदि संघर्ष करेंगे तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं सेवानिवृत्ति पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री योगेश्वरदत्त शर्मा ने कहा कि एनपीएस केवल पूंजीपतियों का षड्यंत्र है जिसका कर्मचारी निरंतर मुख्य रूप से विरोध कर रहे हैं। भांडारपाल कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार दिवाकर ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उमेश कुमार रवि आईटीआई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला मंत्री अजय कुमार, अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव एवं सिंचाई संघ के जिला मंत्री आशीष कुमार ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संगठित रहने का आह्वान किया। सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार त्यागी, शूरवीर सिंह, देवेंद्र कुमार शर्मा, हरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, निशांत, रामबहादुर, जगमोहन सिंह, राजकुमार, अभिनय राजपूत, गगन गुप्ता, मोहित कुमार, रामगोपाल, चंद्रपाल सिंह, दिलीप सिंह, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, विकास बिश्नोई, सौरभ कुमार, उमेश कुमार रवि, अजय कुमार, अमित कुमार, सतीश कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार, बृजपाल सिंह, महेंद्र सिंह, वीर सिंह, अजय प्रताप, तुषार सिंह, रवीश कुमार आदि ने संबोधित किया।



# किसी को भूखा नहीं सोने देंगे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर कल्याण समिति की मासिक बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुई, जिसमें सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शनिवार को पुन: 'भूखा न सोए कोई' प्रोजेक्ट शास्त्री चौक बिजनौर पर चलाया जाएगा। साथ ही आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई। नगर में लग रहे जाम, अतिक्रमण आदि के लिए शीघ्र सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा।

# 'पोषण भी, पढ़ाई भी' के तहत आंगनबाड़ियों की ट्रेनिंग शुरू

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बाल विकास परियोजना अफजलगढ़ के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत कार्यकत्रियों का न्याय पंचायत वार एक दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड स्थित ब्लॉक मुख्यालय पर प्रारंभ किया गया है। पोषण भी-पढ़ाई भी के तहत रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा प्रथम दिन न्याय पंचायत



हिदायतपुर/चौहड़वाला क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिए गए इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक/जिला समन्वय रजत अरोड़ा व शुऐब अख्तर ने संबंधित विषय पर उन्हें विस्तार से जानकारी दी। रजत अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को मात्र पोषण का केंद्र ही नहीं, बल्कि पढ़ाई का केंद्र भी बनाना है। इस अवसर पर इंचार्ज बाल विकास परियोजना अधिकारी (इंचार्ज सीडीपीओ) अफजलगढ़ श्रीमती अनीता चौहान ने कार्यकत्रियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने शिक्षण कार्य में ढालते हुए अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया।

# गौरी त्यागी ने किया कमाल, शतरंज की बिसात पर चली चौंका देने वाली चाल




**बिजनौर ( चिंगारी )** दिल्ली पब्लिक स्कूल (DPS) बिजनौर की होनहार छात्रा गौरी त्यागी ने शतरंज की बिसात पर ऐसी चालें चलीं कि लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। गौरी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले का नाम रोशन कर दिया।

सीतापुर में आयोजित यूपी स्टेट अंडर-11 शतरंज चैंपियनशिप 2026-27 में गौरी ने अपनी रणनीतिक कुशलता का परिचय देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर गौरी के कोच और जाने-माने शतरंज खिलाड़ी अनंत पंवार ने उन्हें भविष्य के लिये शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। कोच अनंत पंवार ने कहा कि गौरी की एकाग्रता और खेल के प्रति उसका समर्पण ही उसकी सफलता की कुंजी है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी वह इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेगी। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने भी गौरी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल न केवल अकादमिक बल्कि खेल के क्षेत्र में भी अपने विद्यार्थियों को हर संभव मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरी की इस जीत से बिजनौर के खेल जगत में खुशी की लहर है और उन्हें चारों ओर से बधाइयां मिल रही हैं।

# आलोक गोविल मुख्य विधि सलाहकार, मनोज शर्मा बने जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष



**बिजनौर ( चिंगारी )।** डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन बिजनौर की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार ने एडवोकेट आलोक गोविल को जिला विधि सलाहकार तथा मनोज शर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की। सभा में जिला मुख्य संरक्षक एम.पी. सिंह, जिला चेयरमैन देवेश कुमार, जिला मुख्य सचिव के.के. अग्रवाल, जिला सचिव तारिक मसरूर एवं वरिष्ठ केमिस्ट नरेंद्र गर्ग सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मनोज शर्मा ने जिला संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की मजबूती एवं केमिस्ट समाज के हितों के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।



# 'राष्ट्र गौरव सम्मान' से अलंकृत हुए शिक्षक सुरेंद्र सिंह

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्र के संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन के शिक्षक सुरेंद्र सिंह को 'राष्ट्र गौरव सम्मान' से अलंकृत किए जाने पर शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। इस कार्यक्रम में शिक्षा, समाजसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सुरेंद्र सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

आपका सपना हम करायेंगे पूरा
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

# हंगामा करने पर 12 नामजद, 40 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



पुलिस के साथ नोकझोंक करते हुए प्रदर्शनकारी महिलाएं।



धरना दे रही महिलाओं को हटाते हुए पुलिसकर्मी।

## दीपक की मौत को लेकर महिलाओं ने दूसरे दिन भी लगाया जाम

**बिजनौर ( चिंगारी )। जिला कारागार में सजायाफ्ता कैदी दीपक की मौत को लेकर परिवार की महिलाओं ने कल दूसरे दिन भी जमकर हंगामा किया। जजी चौक पर जाम लगाया गया। इस दौरान महिलाओं और पुलिसकर्मियों के बीच जमकर झड़प हुई।**

दीपक का कल पोस्टमार्टम किया गया। इस मौके पर परिवार के सदस्य तथा अन्य ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे। शांति एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। इस दौरान महिलाओं ने जजी चौक पर पहुंचकर जाम लगा दिया। कई महिलाएं वाहनों के सामने सड़क पर लेट गईं। उन्हें हटाने को लेकर पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई। कई बार स्थिति तनावपूर्ण हुई। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह एवं एसडीएम सदर श्रीमती रितु रानी द्वारा निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिये जाने पर महिलाओं ने जाम खोला।

उधर, सोमवार को जजी चौराहे पर जाम लगाने और हंगामा करने के मामले में पुलिस ने कई लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। बिजनौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार की ओर से दर्ज कराये गये मुकदमे में 12 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 30 से 40 अज्ञात महिला-पुरुषों का उल्लेख है। कहा गया कि प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर यातायात को बाधित किया और सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न किया। जाम के कारण आम लोगों, सरकारी वाहनों और एंबुलेंस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस के अनुसार इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई वाहन चालकों को रास्ता बदलकर निकलना पड़ा। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया। पुलिस ने मौके पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई। इसके आधार पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में रामचंद्र, अंकित, नवनीत, मिथुन, नितिन, यशपाल, बिट्टू, रूपचंद्र, रनजीत, विमला, गुड्डी और गीता निवासी ग्राम पृथ्वीपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पैनल ने किया पोस्टमार्टम, वीडियोग्राफी भी हुई

प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए मृतक दीपक के शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराया गया। पोस्टमार्टम के लिए तीन सदस्यीय डॉक्टरों का पैनल गठित किया गया था। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जजी चौराहे से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक भारी पुलिस बल तैनात रहा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दीपक की मौत का कारण हैंगिंग बताया गया। हालांकि गले की हडडी टूटी हुई नहीं थी। शरीर पर चोट का भी कोई निशान नहीं पाया गया।

### लापरवाही बरतने पर दो बंदी रक्षक सस्पैंड

जिला कारागार में दीपक की मौत के मामले में जेल प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बंदी रक्षक विपिन व योगेंद्र को सस्पैंड कर दिया। इन दोनों की ड्यूटी कैदियों की निगरानी में थी। इस मामले में जेल प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब एक दिन बाद ही दीपक की रिहाई होनी थी, तब वह आत्महत्या क्यों करेगा। इसके साथ ही यह भी रहस्य बना हुआ है कि दीपक के पास रस्सी कैसे पहुंची, जिससे वह पेड़ पर लटका हुआ मिला। जेल में सैकड़ों कैदी और सुरक्षाकर्मी हर समय रहते हैं, फिर दीपक के पेड़ पर लटकने का किसी को पता क्यों नही चला, जबकि पेड़ पर चढ़कर रस्सी बांधने और फंदा लगाने में काफी समय लगा होगा।

### दीपक ने हत्या की आशंका जताई थी

**जानकारी के मुताबिक दीपक ने कुछ बंदियों तथा जेल कर्मचारियों पर अपनी हत्या की साजिश करने की आशंका जतायी थी। इसके बावजूद जेल प्रशासन ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। दीपक 14 माह से जेल में बंद था।**

## अभी जेल में ही रहेंगे तालिब बंधु

### अपर जिला जज ने जमानत अर्जी खारिज की

**बिजनौर ( चिंगारी )। तालिब बंधुओं को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/विशेष सत्र न्यायाधीश ( गैंगस्टर एक्ट ) से भी जमानत नहीं मिली है।**

सोमवार को न्यायाधीश अलका चौधरी की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज कर दी। तालिब बंधुओं की ओर से अधिवक्ता ने कहा कि तालिब बंधुओं पर राजनीतिक कारणों से झूठे मामले में फंसाया गया है। वहीं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज कुमार चौहान ने कहा कि अभियुक्तों ने पूर्व सांसद पर जानलेवा हमला किया और सुरक्षाकर्मी से कारबाइन भी छीनने का प्रयास किया था। यह मामला गंभीर है।

इस मामले में अपर जिला जज अलका चौधरी ने तालिब, खालिद और आबिद की जमानत का आधार न पाकर तीनों भाइयों की जमानत याचिका निरस्त कर दी। अब इन्हें हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर करनी होगी। मामला एक अप्रैल 2026 का है, जब प्रशासन की जांच टीम तालिब बंधुओं की आरा मशीन की जांच करने पहुंची थी। इसी बीच पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान खालिद व आबिद आपा खो बैठे थे। भारतेंद्र सिंह के करीबी तुषार की ओर से एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। पुलिस ने घटना वाले दिन ही तालिब बंधुओं को हिरासत में ले लिया था। तब से तीनों भाई जेल में हैं।

## युवती से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष सत्र न्यायाधीश (एससी/ एसटी एक्ट) सुनील कुमार सिंह ने दलित युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अनुसार मंडावली थाना अन्तर्गत ग्राम लाहक़ खुशहालपुर निवासी विशाल गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता ने एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और गर्भवती होने पर दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने जमानत का पर्याप्त आधार न पाकर विशाल गुप्ता की जमानत याचिका निरस्त कर दी।

## धर्म, सत्य और न्याय की जीत हुई-भारतेन्द्र सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा तालिब, खालिद और आबिद की जमानत याचिका खारिज किये जाने को धर्म, सत्य और न्याय की जीत बताया। एक वीडियो जारी कर भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि मुझे आज यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज धर्म की जीत हुई है। एक गरीब बच्चा, जो सात बीघा जमीन के किसान का बेटा है और भूसा बेचकर अपना घर चलाता है, ऐसे तुषार मलिक की जीत हुई है। एक बड़े माफिया परिवार के तालिब, खालिद और आबिद की जमानत याचिका को रद्द किया गया है, जिसके लिये मैं न्याय पालिका का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि तालिब बंधुओं द्वारा खुलेआम अवैध आरा मशीनों का संचालन किया जा रहा था, मगर कोई इन्हें चुनौती दे नहीं पा रहा था। तुषार मलिक ने इन्हें चुनौती दी और इन पर छापे पड़े। कुछ लोग मुझ पर उंगली उठा रहे थे कि मैं वहां क्यों गया था। मैं इसलिये गया था कि क्योंकि एक गरीब कार्यकर्ता वहां फंसा हुआ था। भारतेंद्र सिंह ने कहा कि तालिब बंधु व्यापारी नहीं हैं, बहुत बड़े माफिया हैं। क्योंकि व्यापारियों का काम फकीरों की कब्रों को तोड़कर अपना कारोबार खड़ा करना नहीं है, अपने शोरूम बनाना नहीं है, अपना लिफ्ट वाला तीन मंजिला भवन बनाना नहीं है। इन्होंने शेरकोट में 50 मध्यम वर्गीय परिवारों की जमीन पर कब्जा कर अपने नाम करा ली। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का काम सरकारी जमीन पर अवैध रूप से स्टोन क्रेशर चलाना नहीं है। तालिब बंधुओं द्वारा तमाम अवैध कार्य किये जा रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि उनके कारण माफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा।

# शादी होने के बाद भी प्रेम दीवानी प्रेमी के साथ ही जाकर मानी

## पति को छोड़ प्रेमी के घर जा पहुंची थी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कहते हैं कि इश्क का नशा भी अजीब होता है जो तमाम लोक-लाज को ताक पर रखकर अपना असर जग जाहिर कर देता है। ऐसा ही एक मामला रेहड़ क्षेत्र में देखने को मिला। बादीगढ़ निवासी एक युवक का विवाह गत 22 मार्च को उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्र निवासी एक युवती के साथ हुआ था। युवती को विवाह से पूर्व से ही दूसरी बिरादरी के अपने पड़ोसी युवक से प्रेम था जिसकी भनक उसके परिजनों को भी थी, जिन्होंने शादी से पूर्व युवती से कहा था कि अगर वह बाद में कोई अड़चन पैदा न करे तो वह उसकी शादी बिरादरी के एक अच्छे लड़के से करना चाह रहे हैं। लड़की ने उस समय परिजनों के दबाव में शादी से इनकार नहीं किया। भव्य समारोह के बीच धूमधाम से शादी हुई, मगर लड़की के दिल में अपने प्रेमी के प्रति लगाव बरकरार रहा और विवाह से डेढ़ माह बाद दो दिन पूर्व वह सोने-चांदी के तमाम जेवरात समेटकर अपनी ससुराल से लापता हो गई। इधर-उधर तलाश के बाद उसके पति ने उसके मायके वालों को यह सूचना दी। मायके वालों ने उसके प्रेमी के यहां पता कराया तो अनुमान के मुताबिक नवविवाहिता वहीं मिली। सोमवार को दोनों पक्षों के बीच हुई पंचायत में नवविवाहिता को बुलाकर समझाने का प्रयास किया गया, मगर वह अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर ही अड़ गई। आखिरकार विवश होकर उसके मायके व ससुराल पक्ष के लोग उसे वहीं छोड़ वापस लौट गए और नवविवाहिता अपने प्रेमी के साथ उसके घर चली गई। मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# यातायात पुलिस ने चलाकर अभियान 110 वाहनों का काटा चालान



**नगीना ( चिंगारी )।** यातायात पुलिस ने रेलवे स्टेशन से चितौड़गढ़ चौकी तक अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग एक सौ दस वाहनों के चालान काटे गये और वाहन स्वामियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की कड़ी चेतावनी दी। यातायात पुलिस टीम ने इस चैकिंग अभियान के तहत बड़े, छोटे, कार, बाइक आदि वाहनों की चैकिंग करते हुए कार चालकों द्वारा सीट बेल्ट न लगाने, दो पहिया वाहन चालकों के बिना हेलमेट वाहन चलाने, प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न के खिलाफ कार्रवाई की गई और जिन वाहनों पर प्रेशर हॉर्न लगे थे उन्हें उतरवाया गया। साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस,बिना बीमा,बाइकों पर तीन सवारी बैठाकर सफर करने वालों के चालान काटे गए। यातायात प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए चैकिंग अभियान में ट्रैफिक कांस्टेबल रमेश कुमार, सुमित कुमार, अवधेश कुमार, शाहिद मलिक आदि शामिल रहे।

# आलोक गोविल के निर्देशन में हुई दो गीतों की शूटिंग



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेहाना फिल्म प्रोडक्शन मुंबई के दो गीतों की शूटिंग हैदरपुर वेटलैंड बैराज पर आलोक गोविल के निर्देशन में की गई। रेहाना फिल्म प्रोडक्शन के निर्माता शाकिर अंसारी के अनुसार एएसए म्यूजिक के लिए दो गानों की शूटिंग की गई। दोनों गानों का निर्देशन आलोक गोविल ने किया। गाना 'जादू चला' में शिवानी सिंह और अर्शलान और सक्षम राणा ने अभिनय किया और दूसरे गाने 'इतराने लगी' में आरिश सिद्दीकी, अंशिका तथा मुखराम ने अभिनय किया है। दोनों गीत मुंबई में शाकिर अंसारी ने लिखे हैं। बैराज के पास पिकनिक स्पॉट हैदरपुर वेट लैंड में दो दिन शूटिंग की गई। शूटिंग का मुहूर्त वन विभाग के रेंजर ने मुहूर्त क्लैप देकर किया। सहनिर्माता असलम सिद्दीकी, मेकअप रिंकू रंगीला, सहायक मुखराम सिंह, डीओपी अंकुर, गीतकार और गायक आशिम शेख हैं। जल्दी ही ये दोनों गीत एएसए म्यूजिक के चैनल पर रिलीज़ किए जाएंगे।

# बिजनौर में 14 मई को राज्य महिला आयोग की सदस्य करेंगी शिकायतों की सुनवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य श्रीमती अवनी सिंह 14 मई 2026 को बिजनौर पहुंचेंगी। इस दौरान वह विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई एवं आंगनबाड़ी कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से सुबह 11 बजे से महिला जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में महिलाओं की शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये जाएंगे। इसके उपरांत विकास खंड स्योहारा एवं तहसील धामपुर के ग्राम बिलंदी में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा, जहां ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा कर समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

# सृष्टि गुप्ता को मिला प्रथम स्थान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** इनरव्हील क्लब, चांदपुर आरोही द्वारा ऑनलाइन प्रतियोगिता 'मां और उसके नन्हे सितारे' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पंचवटी में मदर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ नीरू गुप्ता एवं नीलिमा त्यागी द्वारा गणेश जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य मां और बच्चों के लिए प्रेम अपनापन व रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में प्राप्त सभी प्रस्तुतियां में से 6 प्रतिभागियों को चयनित कर सम्मानित किया गया। विजेताओं में प्रथम सृष्टि गुप्ता, द्वितीय शैली बस्सी, तृतीय काजल अग्रवाल, चौथे नंबर पर संध्या चौधरी, पांचवें नंबर पर प्रज्ञा गर्ग एवं छठे नंबर पर याशी अग्रवाल रही। कार्यक्रम का संचालन क्लब अध्यक्ष नीलिमा त्यागी ने किया।



# जमीयत उलेमा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** जमीयत उलेमा शाखा मेमन भनेड़ा की जानिब से एमजेएन स्कूल, मुबारकपुर खोशा (खुशियाकी) में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर जमीयत उलेमा डिस्ट्रिक्ट बिजनौर के वाइस प्रेसिडेंट हज़रत मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद जावेद अल-कासमी नक्शबंदी मोहतमिम महादुल इस्लामी मदीनतुल उलूम अल-खैरिया नजीबाबाद ने अपनी स्पीच में कहा कि एजुकेशन सिर्फ़ जानकारी हासिल करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक पूरा और सिस्टमैटिक प्रोसेस है, जिसके ज़रिए ज्ञान, स्किल्स, नैतिक मूल्य और कल्चरल परंपराएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचती हैं। समारोह को संबोधित करते हुए जमीयत उलेमा शाखा मेमन भनेड़ा के अध्यक्ष, दारुल उलूम रसीदिया मेमन सादात के मोहतमिम मौलाना मुहम्मद




कलीमुज़्ज़मा कासमी ने कहा कि आज के ज़माने में धार्मिक और आधुनिक शिक्षा का मेल बहुत ज़रूरी है, ताकि नई पीढ़ी ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता और चरित्र से भी लैस हो सके।

समारोह में जमीयत उलेमा तहसील नजीबाबाद के सचिव मौलाना लईक अहमद, इस्लाहे मुआशरा कमेटी नजीबाबाद के कन्वीनर मौलाना मुहम्मद इम्तियाज, जमीयत उलेमा शाखा मेमन भनेड़ा के सचिव मौलाना मुहम्मद रिज़वान, जमीयत यूथ क्लब जिला बिजनौर के महासचिव हाफ़िज़ मुनकाशिफ आलम, कारी मुहम्मद ज़ाकिर, नवाब मंसूरी, मुहम्मद ज़ाहिद, कारी मुहम्मद यामीन, कारी मुहम्मद उस्मान, कारी मुहम्मद इकरामुद्दीन, कारी मसरूर आलम, अतीक बेग, मेहताब बेग और कई अन्य सम्मनित व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रोग्राम को ज़िला जमीयत के कोषाध्यक्ष और मेमन भनेड़ा शाखा के महासचिव मौलाना इक़रार बेग ने संचालित किया।

# महिलाओं ने दूसरे दिन भी दिया चन्द्रशेखर के आवास पर धरना


धरने पर बैठी महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल।

**धामपुर ( चिंगारी )।** महिला आरक्षण संशोधन बिल का विरोध करने वाले आजाद समाज पार्टी के सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के ग्राम जैतरा में पब्लिक इंटर कॉलेज के पास स्थित आवास पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के बैनर तले महिलाओं ने आज दूसरे दिन भी धरना दिया। धरने में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल, जिला मंत्री योजना गुप्ता, सोनिका अग्रवाल, मिथिलेश चौहान, उमेश चौहान, रजनी कालरा, मनीषा सैनी, इदू ठुकराल, सरिता बिश्नोई, अनीता चौहान, मोनिका कालरा, लक्ष्मी देवी, सानू राजपूत, राज कालरा आदि महिलाएं मौजूद रही प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि नारी वंदन अधिनियम का पारित न होना महिलाओं के अधिकारों का हनन है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नवयुग स्कूल को पराजित कर डैफोडिल बना अन्तर्विद्यालय वॉलीबाल चैम्पियन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वॉलीबाल एसोसिएशन की ओर से मिनी स्टेडियम मोटाढाक में आयोजित अंडर-19 बालक वर्ग की तीन दिवसीय अंतर विद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के फाइनल में डैफोडिल पब्लिक स्कूल ने नवयुग पब्लिक स्कूल को हराया। प्रतियोगिता में 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में डैफोडिल पब्लिक स्कूल ने एमकेवीएन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में नवयुग पब्लिक स्कूल ने बलूनी पब्लिक स्कूल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में डैफोडिल पब्लिक स्कूल ने नवयुग पब्लिक स्कूल को 21-19 व 21-18 से हराकर फाइनल जीता। निर्णायक की भूमिका अंकित खंतवाल, संदीप रावत, दीपक भारती, नवनीत नेगी, पवनीश चंदोला, राहुल काला व दीपक सिंह बिष्ट ने निभाई। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि संगठन के कोषाध्यक्ष भास्कर नेगी ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

# घर के बाहर खड़ी स्कूटी सुबह गायब मिली


सीसीटीवी कैमरे में स्कूटी ले जाते हुए युवक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला पक्का बाग निवासी इमरान अहमद ने बीती रात अपने घर के बाहर यामाहा फेसिनो स्कूटी खड़ी कर दी थी और वह घर में चले गए थे। आज सुबह जब इमरान घर के बाहर आए तो स्कूटी गायब देखकर अचंभित रह गए। उन्होंने आसपास के लोगों से स्कूटी के बारे में जानकारी की तो उन्होंने कुछ भी नहीं बताया। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए तो उसमें एक युवक स्कूटी लेकर जाते हुए दिखाई दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोरी का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

# अब तीसरी आंख की निगरानी में रहेगा ग्राम खासपुरा


ग्राम खासपुरा के मेन चौक पर लगा हुआ सीसीटीवी कैमरा।

**खासपुरा ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत खासपुरा ने व्यवस्थाओं में सुधार व कसावट की दृष्टि से एक नया प्रयोग शुरू किया है। ग्राम पंचायत में चलने वाले रूटीन कामों व पंचायत के प्रमुख क्षेत्रों की निगरानी के लिए साठ हजार रुपए की लागत से पांच सीसीटीवी लगाए गए हैं। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस व्यापारियों व आमजनों से सीसीटीवी कैमरों को लगाने पर जोर देती रहती है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खासपुरा मे पाँच सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। इस प्रयोग से सार्वजनिक महत्व के स्थलों को साफसुथरा बनाए रखने में मदद मिली है। साथ ही कैमरों की निगरानी से छुटपुट घटनाओं पर भी लगाम लगी है। जल्द ही इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। ग्राम प्रधान खासपुरा-विनीता कुमारी।

# व्यापारी नेता शकील ठेकेदार के वालिद का इंतकाल


मौहम्मद शफी का फ़ाइल फ़ोटो

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी व्यापारी नेता शकील अहमद सैफ़ी ठेकेदार के वालिद मौहम्मद शफ़ी सैफ़ी (90) का बीमारी के चलते बात सुबह इंतकाल हो गया। परिजनों के अनुसार मौहम्मद शफ़ी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे, जिनका उपचार चल रहा था। आज सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली। अस्र की नमाज़ के बाद उन्हें इस्लामनगर के कदीमी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी, पूर्व चेयरमैन हाजी इरशाद अली अंसारी, सभासद असलम मलिक, ग्राम प्रधान पीपला जागीर शाह आलम मलिक, शाहनवाज मलिक, सन्दीप जोशी, मुकुल गुप्ता, मौहम्मद साहिल, रालोद नेता चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट आदि ने संवेदना व्यक्त की।


## कार्यालय जिलाधिकारी बिजनौर।

पत्रांक सं. 1012/ना.सदर-26 दिनांक:- 11-05-2026

**कोटेशन आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बिजनौर के कार्यालयों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में उपलब्ध कटी-फटी/प्रेस मशीन की कटी रद्दी, उठान हेतु (प्रति किलो की दर के आधार पर) सम्बन्धित ठेकेदारों से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। इस सम्बन्ध में इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी-अपनी कोटेशन दिनांक 18-05-2026 को 12-00 बजे तक नजारत सदर कलेक्ट्रेट बिजनौर में उपलब्ध करायें। कोटेशन उसी दिनांक को सायं 3-00 बजे खोली जायेगी।

प्रभारी अधिकारी ( नजारत )
कलेक्ट्रेट बिजनौर।


# वरिष्ठ नागरिकों ने दिया स्वच्छता का संदेश



**धामपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक पंजाबी कालोनी स्थित सनातन धर्म सभा शिव मन्दिर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक श्रीमती सारंगदेश असीम एवं रामअवतार ने की। राकेश चमोली ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा स्वच्छता पर जोर दिया गया। श्री खजान सिंह ने देश भक्ति का भजन व रामसिंह ने भी देशभक्ति गीत सुनाया। श्री रामअवतार ने बताया हमारा परिवार भक्ति से ओत प्रोत रहे। हनुमान चालीसा व ईश्वर की भक्ति पर जोर दिया । नगर अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने बताया कि हमारा पास पड़ोस बरिष्ठ नागरिकों के मार्ग दर्शन से स्वस्थ समृद्ध रहे। बैठक श्यामलाल, खजान सिंह, स्वतन्त्र कुमार, रामअवतार, वीरेन्द्र सिंह, श्रीमती कुसुम देवी, विजयपाल सिंह, राकेश चमोली, रामसिंह सैनी आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन श्यामलाल आचार्य ने किया।


**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**
**निकट थाना कोतवाली, धामपुर**

मनोज कात्यायन 9927500708
ज़ुल्फ़िकार मंसूरी 9568154643


# योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि पाई, विधायक ने दी अनुष्का को बधाई



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली अनुष्का मिश्रा को लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया।

डॉ. अग्रवाल ने अनुष्का मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि बिटिया ने अपने अथक परिश्रम और समर्पण से न केवल राज्य बल्कि अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ अग्रवाल ने देश के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में योग को विश्व स्तर पर पहचान मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करवाने के बाद आज पूरी दुनिया योग को अपना रही है और इसके लाभ से लाभान्वित हो रही है। उन्होंने अपने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यकाल को स्मरण करते हुए बताया कि उन्होंने 'करो योग रहो निरोग' को आत्मसात करते हुए प्रत्येक माह की 21 तारीख को विधानसभा में योग को अनिवार्य किया था, जिससे जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ. विपिन जोशी, महामंडलेश्वर डॉ. ईश्वर दास जी महाराज, सुनील भगत महायोगी जितानंद जी महाराज आदि उपस्थित थे।

# जयमाला के समय मारपीट से अफरा-तफरी

## युवक ने तमंचा लहराकर दहशत फैलायी



**किरतपुर ( चिंगारी )**। एक शादी समारोह में उस समय खुशी तनाव में बदल गयी, जब जयमाला से ठीक पहले दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के युवक ने तमंचा लहराते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिससे दहशत फैल गई और दो लोग घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़पुर नैनसिंह निवासी सोम सिंह के पुत्र अनिकेत की बारात रविवार को ग्राम ज्वाला चंडी गई थी। बारात चढ़त के दौरान बाराती मस्ती में झूमते हुए डांस कर रहे थे और हर तरफ खुशियों का माहौल था। इसी दौरान नीतीश कुमार निवासी बूढ़पुर नैनसिंह का गांव के ही दो भाइयों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बारात जब दुल्हन के घर पहुंची और जयमाला की तैयारी चल रही थी, तभी आरोपी पक्ष के दो युवकों ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर नीतीश कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। नीतीश को बचाने आए उसके दोस्त गौतम निवासी मोहल्ला अंबेडकर नगर, किरतपुर के साथ भी मारपीट की। शादी का माहौल उस समय और बिगड़ गया जब एक अज्ञात युवक ने तमंचा लहराकर दहशत फैला दी, जिससे बारातियों और ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। इस झगड़े में नीतीश और गौतम घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक तमंचा लहराने वाला युवक फरार हो चुका था। अनिकेत की ओर से दी गई तहरीर में गांव के दो युवकों को नामजद किया गया है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश जारी है।

# मूर्ति देवी कॉलेज की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं सम्मानित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2025-26 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा कु. अंशिका वर्मा द्वारा जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशिस्त-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधक नीरज जैन, कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन एवं प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना, संतोष जैन, राजुल रंधर, नरेश कुमार वैद्य, त्रिवेंद्र कुमार, श्रीमती नाजिया नाज, श्रीमती पूजा वर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता श्रीमती बबीता रानी खरेरा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिन छात्राओं का सम्मान किया गया उनमें हाईस्कूल की कु. अंशिका वर्मा, कु. यशस्वी दक्ष, कु. याशिका तथा इंटरमीडिएट में कु. राफिया परवीन, कु. नंदिनी, कु. श्वेता रानी, सांची भारद्वाज, कु. अनुष्का, कु. वैष्णवी, कु. जोनिश, कु. अंशप्रीत कौर, भूमिका राजपूत, कु. सबा परवीन, कु. रेनी आदि मौजूद रहीं।



# प्रथम पुण्यतिथि पर विक्रम राव को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बिजनौर ( चिंगारी )**। भारतीय पत्रकारिता और ट्रेड यूनियन के प्रखर स्वर, वरिष्ठ पत्रकार स्व. डॉ. के. विक्रम राव की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर के पालिका बाजार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. के. विक्रम राव के पत्रकारिता क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व और अविस्मरणीय योगदान को याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने वर्तमान दौर में पत्रकारों से एकजुट होने और मिशनरी पत्रकारिता को जिंदा रखने का पुरजोर आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी पत्रकारिता दिवस पर जिला मुख्यालय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सफल संचालन और तैयारियों की जिम्मेदारी वरिष्ठ साथी अनुराग शर्मा को सौंपी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिला अध्यक्ष ज्योतिलाल शर्मा, महामंत्री अनुज चौधरी, चांदपुर से जितेंद्र कुमार शर्मा, अनुराग शर्मा, संजीव कुमार भुइयार, रजत कुमार शर्मा, दक्ष भारद्वाज तथा व्यापारी नेता मनीष कुमार त्यागी प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# भूपेन्द्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई

## पंचायत चुनाव जल्दी कराने को एसडीएम को ज्ञापन दिया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। यूपी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने की खुशी में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के कार्यालय पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सोमवार को ब्लॉक प्रमुख के कार्यालय पर एकत्रित हुए। सभी ने भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। उन्होने कहा कि भूपेन्द्र चौधरी को मंत्री बनाया जाना वेस्टर्न यूपी के लिये अत्यन्त आवश्यक था। इसके लिये उन्होने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया। ब्लॉक अध्यक्ष तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि भूपेन्द्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने से भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और मजबूत होगी। भाजपा 2027 में लगातार तीसरी बार सरकार बनायेगी। इस अवसर पर सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी आशुतोष जायसवाल को सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार से पंचायत चुनाव जल्दी कराने की मांग की गई है। उनकी मांग है कि यदि किन्हीं कारणों से चुनाव समय से नहीं हो सकते हैं, तो अधिकारियों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक न बनाया जाये। जनहित में ग्राम प्रधानों को ही पंचायतों का प्रशासक बनाया जाये। सभी ने एक मत से कहा कि जनप्रतिनिधि के स्थान पर सरकारी कर्मचारी को प्रशासक के तौर पर बैठाया जाना लोकतंत्र का अपमान व जनता से धोखा होगा। इस मौके पर ब्रजराज सिंह देशवाल एड., सतपाल सिंह, धूम सिंह, इरफान अहमद, लाडी, अर्जुन सिंह, अर्पण सिंह, धीर सिंह, रूपराम, हरजिंदर कौर, धर्मवीर सिंह, सुनील कुमार, नरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।





खुल गया! खुल गया!

# श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476





# सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने अमर सिंह

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। उ.प्र.पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की अफजलगढ़ ब्लॉक कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव में अमर सिंह अध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह महामंत्री एवं विक्रम सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। शांतिपूर्ण संपन्न हुए इस चुनाव में बीती 4 मई को अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद पर नामांकन हुआ था। मतगणना के परिणामस्वरूप अमर सिंह 13 वोटों से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए जिन्होंने शिवराज सिंह को पराजित किया, जबकि महामंत्री पद पर धर्मेंद्र सिंह ने 65 मत प्राप्त किए जिन्होंने दिनेश कुमार शास्त्री को 6 वोटो से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर विक्रम सिंह को 108 मत मिले। विक्रम सिंह ने वीरेंद्र सिंह को 53 वोटों से पराजित किया। अध्यक्ष पद पर इस बार भी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विजयपाल सिंह गुट का दबदबा बरकरार रहा। सफाईकर्मचारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष अमर सिंह ने सफाईकर्मचारियों के हितार्थ कार्य करने का संकल्प दोहराया।



# नीलकंठ महादेव मंदिर के स्थापना दिवस पर हवन का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नीलकंठ महादेव मंदिर रमेशनगर का 24 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडित हरीश भट्ट ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। यजमान विजेंद्र कुमार शर्मा एवं उनकी पत्नी श्रीमती शशिप्रभा शर्मा ने श्रद्धापूर्वक हवन-पूजन कराया। हवन में श्रद्धापूर्वक आहुति के बाद आरती से समापन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन किया गया। इस धार्मिक अवसर पर मोना सुमन वर्मा, संगीता अग्रवाल, शकुंतला वैश्य, रूपम, माया वर्मा, सुशील, पुष्पा वर्मा, रचना, मीनाक्षी, भावना, ऋचा अग्रवाल, आस्था रानी, सुधा अग्रवाल, रेखा राठी, राम कक्कड़, रमेश वर्मा, सचिन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विजय वर्मा, सुमित वर्मा, अतर सिंह, हिमांक अग्रवाल, पंडित सुनील शर्मा, निर्मला, शशि ग्रोवर आदि मौजूद रहे।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 13 मई 2026**

मेष- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, आपसी सद्भाव, नवसमाचार से प्रसन्नता।

वृषभ- आरोग्य सुख में वृद्धि, स्वजनों-परिजनों से विचार-विमर्श, धनागम का मार्ग प्रशस्त, सोचे हुए कार्य सफल, आत्मिक शांति, दूसरों की सलाह मान्य।

मिथुन- अड़चनों का समापन, विशिष्टजनों से सहयोग, इच्छाशक्ति जागृत, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्न, मंगल आयोजन सम्पन्न, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

कर्क- सफलता का मार्ग अवरुद्ध, कार्य-व्यवसाय में असंतोष, गलतफहमियों के शिकार, स्वयं की प्रतिभा कुंठित, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, यात्रा विफल।

सिंह- आत्मशक्ति का विकास, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, वैवाहिक जीवन संतोष-जनक, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास, यात्रा सुखद।

कन्या- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, लाभ का पर्याप्त अवसर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, आनन्द की अनुभूति, मानसिक शांति।

तुला- सद्विचारों का उदय, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, वैवाहिक समस्या का विकास, भोग-विलासिता की ओर रुझान, शुभ समाचार मिलने से खुशी।

वृश्चिक-स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वाद-विवाद की आशंका, कर्ज से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तनाव, योजना अधूरी, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, मानसिक अशांति।

धनु- दिन अनुकूल, नौकरी में प्रोन्नति, समस्याओं का पूर्ण समाधान, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, शुभ कार्यों में अधिक व्यय, गलतफहमी दूर होने को।

मकर- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, व्यापार में धन निवेश, इच्छाशक्ति जागृत, प्रियजनों से विचार-विमर्श, महत्वपूर्ण उपलब्धि, वैमनस्यता का समापन।

कुम्भ- स्वास्थ्य में सुधार, स्वयं का निर्णय हितकर, उत्तरदायित्व हेतु प्रयास, धन सम्पत्ति मसला हल, उपहार या सम्मान का लाभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

मीन- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, योजना पूर्ति में अड़चनें, अप्रिय घटना से मन अशांत, धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि, प्रेम सम्बन्धों में तनाव, वाहन से भय, सम्मान में कमी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# व्यापारियों ने गैस एजेंसी स्वामी को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जलालाबाद के नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन राईन व महामंत्री नफीस अहमद के नेतृत्व में संगठन इकाई ने मिलकर एचपी गैस एजेंसी जलालाबाद के स्वामी विजय अग्रवाल को गैस की उपभोक्ताओं को अच्छी आपूर्ति के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जलालाबाद में एचपी गैस एजेंसी के स्टाफ द्वारा कस्बे की अवाम को भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। समय पर ओटीपी व गैस की डिलीवरी दी जा रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जलालाबाद इकाई ने एचपी एजेंसी स्वामी व उनके स्टाफ का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस मौके पर एचपी एजेंसी के स्वामी विजय अग्रवाल ने कहा है जिन लोगों ने अपने कनेक्शन की केवाईसी नहीं कराई वह अपनी केवाईसी करा ले, नहीं तो उनका कनेक्शन बंद हो जाएगा। इस परेशानी से बचें तथा किसी भी डिलीवरीमैन को अतिरिक्त पैसे न दें, अगर कोई अतिरिक्त पैसा लेता है तुरंत उन्हें सूचना दें। इस अवसर पर नफीस अहमद, तनवीर शेख, मुकेश मेडिकल वाले, आफताब राईन, अहसान अहमद, नईम अहमद सहित काफी व्यापारी उपस्थित रहे।



एचपी गैस एजेंसी स्वामी विजय अग्रवाल का सम्मान करते व्यापारी।

# ट्रेंड रोज़ाना स्पोर्ट्स शॉप का शुभारंभ किया



स्पोर्ट्स शॉप का शुभारंभ करते क्रिकेटर शिवम शर्मा व कांग्रेस नेता डॉ. आजाद।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के माल गोदाम के पास धन वर्षा कॉम्प्लेक्स में ट्रेंड रोज़ाना स्पोर्ट्स का रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश का प्रनिधित्व कर रहे मुरादाबाद के क्रिकेटर शिवम शर्मा व उत्तर प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आजाद बेग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। स्पोर्ट्स शॉप के स्वामी शाहिद मुल्तानी व मोहम्मद जैद को सभी ने नई शॉप की मुबारकबाद दी। शिवम शर्मा को शॉल ओढ़ाकर व अन्य अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर के पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एडवोकेट, जाहिद हुसैन, अब्दुल वफा एडवोकेट, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नदीम फारुकी, शहबाज खान, सपा नेता फुरकान खां, तसलीम अहमद एडवोकेट, हाफिज शादाब, मोनू टाटा, इकबाल हिंदुस्तानी, फखरे आलम, अब्दुल खालिक, तारिक, आमिर, डॉ. नसीम अख्तर, हाजी शमीम, मौ. जैद, बाबर मुल्तानी, अकबर मुल्तानी, अब्दुल गनी सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




# अजयपाल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष व मदन गोपाल चौहान संरक्षक बने

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की नजीबाबाद ब्लॉक शाखा के लिये प्राथमिक विद्यालय टांडा के प्रधानाध्यापक अजयपाल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ शिक्षक नेता मदन गोपाल चौहान संरक्षक बनाये गये। जूनियर हाईस्कूल नजीबाबाद में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में संघ के जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन, प्रांतीय संगठन मंत्री नौबहार सिंह, अमित कुमार त्यागी, तनवीर अहमद, ज्योति प्रकाश गहलौत, मोहम्मद सफी, रामनाथ सिंह, अनुराग पाण्डेय, राजू सिंह, संदीप शर्मा, सुखदेव, शिवराज, सुशील कुमार, आमिर अली, नादिर, दिलशाद, नरेश कुमार, शहला अंजुम, सरताज परवीन, रिजवान अहमद, मुकेश देवरानी, नितिन कुमार, सुभाषचंद्र, हरी सिंह, भारत सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अध्यक्षता मदन गोपाल चौहान एवं संचालन मोबीन हसन ने किया।

# बेटे के लिये बहू लेने गई थी, सब कुछ गंवाकर घर लौटी

## संतोष ने पुलिस से लगाई गुहार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** एक महिला बेटे के लिए बहू लेने गई थी, लेकिन ठगी का शिकार हो गई और सब कुछ लुटाकर उसे घर लौटना पड़ा। अब न्याय के लिए दर-दर भटकती फिर रही है। थाना क्षेत्र के हरिनगर गांव निवासी संतोष पत्नी रामपाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनके मुंह बोले बेटे संजय का कहीं से रिश्ता नहीं हो पा रहा था, जबकि वह उसकी शादी जल्दी से जल्दी कराना चाहती थी। इसी गरज से उसने चंद्रावती पत्नी नरपाल निवासी मनौटा से संपर्क साधा, जो बनारस के सलेमपुर गांव की रहने वाली है, वह और उसका पति नरपाल युवकों के शादी-ब्याह कराने के लिए काफी चर्चित है। इसलिए उसने दोनों पति-पत्नी से संपर्क साधा तो उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि 80 हजार में संजय का विवाह करा देगी, कपड़ा, जेवर लेकर हमारे साथ चलो। वह उनके झांसे में आ गई और संजय, रामपाल को लेकर बनारस के सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर जा पहुंची, वहां चंद्रावती ने अपने किसी जान-पहचान वाले के फोन नंबर पर 50 हजार की नगदी डलवा ली और 30 हजार तथा कपड़ा, जेवर लेकर किसी को दे दिए, तब चंद्रावती ने दो दिन बाद लड़की को देने को कहा, लेकिन घर लौटने के बाद भी उन्हें बेटे के लिए बहू आज तक नहीं मिली। हीमपुर दीपा पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों से कपड़ा, जेवर और नकदी वापस कराए जाने की मांग की। उधर पुलिस सच्चाई का पता लगाने में जुटी है।

# लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई - कमिश्नर दीपक रावत



**नैनीताल ( चिंगारी )।** कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने सोमवार को नैनीताल स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय तथा तहसील कार्यालय एवं निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में विभिन्न लंबित राजस्व वादों, अभिलेखों के रखरखाव तथा कार्यालयीय कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने धारा 229-बी के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान संज्ञान में आया कि कुछ प्रकरण 15 से 20 वर्षों से लंबित हैं।

इस पर आयुक्त ने उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि पुराने मामलों में अनावश्यक लंबी तिथियां न दी जाएं तथा त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक सप्ताह में तिथि देकर लंबित वादों का निस्तारण करें। इस दौरान उन्होंने 176 से संबंधित वाद जो संपत्ति बंटवारे के मामले हैं की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्रकरणों में उपजिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी करने के बावजूद संबंधित पटवारियों द्वारा 'कुर्रे' दाखिल नहीं किए गए हैं। इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए तथा आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

निरीक्षण के दौरान कुमाऊं आयुक्त द्वारा इस संबंध में विभिन्न राजस्व निरीक्षक उप निरीक्षकों के द्वारा भी समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने के संबंध में उपजिलाधिकारी को ऐसे राजस्व निरीक्षकों की सूची तैयार कर उन्हें भी प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त द्वारा सम्मन तामिली पंजिका, इश्तहार पंजिका एवं विभिन्न पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। इस संबंध में समय पर कार्य न किए जाने, कार्यों की समीक्षा न किए जाने व लापरवाही बरतने पर उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को भी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि आज ही तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षकों एवं उप निरीक्षकों के साथ तहसील में बैठकर 143 से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे, जबतक कार्यवाही पूर्ण नहीं हो जाती है,तब तक कार्यालय खुला ही रहेगा।

# गांव से 14 किलोमीटर दूर पढ़ने के लिए जाने को मजबूर

## पांच साल से बंद हैं गांव का स्कूल

**कोटद्वार।** विकासखंड जयहरीखाल के पैनल गांव की बालिकाएं प्रतिदिन 14 किलोमीटर चलकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। उन्हें गांव से 14 किलोमीटर दूर राजकीय इंटर कॉलेज मठाली जाने के लिए दुर्गम पहाड़ी रास्तों और घने जंगलों से गुजरना पड़ता है। यह स्थिति लयड़सैंण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पांच वर्ष पहले बंद हो जाने के कारण बनी है।

कांग्रेस नेता रघुबीर बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पैनल गांव में ग्रामीणों ने उन्हें यह समस्या बताई। कहा कि क्षेत्रीय विधायक और सरकार की उदासीनता के कारण लयड़सैंण विद्यालय बंद हुआ। इस कारण पैनल गांव सहित अन्य गांवों के छात्रों को जानजोखिम में डालकर मठाली जाना पड़ता है।

क्षेत्र की छह बालिकाएं और बालक प्रतिदिन घने जंगलों और ऊंची पहाड़ियों से होकर मठाली स्कूल पहुंचते हैं। उनके रास्ते में घना जंगल भी पड़ता है। सरकार को जनहित में लयड़सैंण विद्यालय को खोलने के प्रयास करने चाहिए। चेतावनी दी कि यदि लयेड़सैंण विद्यालय शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो वे जनसहयोग से आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

# रोटरी क्लब ऋषिकेश क्लासिक ने 50 जरुरतमंद बच्चों को बांटे स्कूल बैग



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** सामाजिक सरोकारों के तहत रोटरी ऋषिकेश क्लासिक क्लब द्वारा आदर्श ग्राम में जरूरतमंद बच्चों के लिए स्कूली बैग वितरण किये गये। वार्ड पार्षद चेतन चौहान के अनुरोध पर आयोजित इस कार्यक्रम में 50 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग वितरित किये गये बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जरूरतमंद बच्चों को शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने से उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है। क्लब द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं जनसेवा के कार्य लगातार जारी रखे जाएंगे।वार्ड पार्षद चेतन चौहान ने रोटरी ऋषिकेश क्लासिक क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को सहायता मिलेगी और उनका मनोबल बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंद बच्चों की मदद करनी चाहिए इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संजय सकलानी, सचिव विजय रावत, कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी राकेश अग्रवाल, रोटेरियन राजे नेगी आदि उपस्थित थे।

# श्री देव सुमन विश्वविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय तकनीकि दिवस




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पंडित ललित मोहन शर्मा श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर, ऋषिकेश के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष तकनीकी दिवस की थीम समावेशी विकास के लिए जिम्मेदार नवाचार रही, जो समान विकास हेतु स्वदेशी प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई की प्रगति को समर्पित है। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय भूमिजल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक प्रशांत राय उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन का माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नवाचार के माध्यम से ही तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को स्वदेशी तकनीकों के विकास एवं उनके सकारात्मक उपयोग के लिए प्रेरित किया। परिसर निदेशक प्रो. एम. एस. रावत ने कहा कि राष्ट्रीय तकनीकी दिवस केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक को मानव कल्याण एवं समावेशी विकास के लिए उपयोग करने का आह्वान किया। मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग के समन्वयक प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में नई तकनीकों और एआई का महत्व लगातार बढ़ रहा है। छात्राओं के मध्य वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'समावेशी विकास के लिए जिम्मेदार नवाचार।' प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने स्वदेशी तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल नवाचार एवं सामाजिक समानता जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किये।

# बेटे के खून की थी जांच कराई साथ में मल की रिपोर्ट थमाई

## सीएम से की लैब संचालक की शिकायत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत सिमलचौड़ निवासी एक महिला ने देवी रोड स्थित एक पैथोलोजी लैब पर भ्रामक रिपोर्ट देने का आरोप लगाते हुए लैब संचालक पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में सिमलचौड़ निवासी महिला सुदामा देवी पत्नी दिनेश लाल टम्टा ने कहा है कि कुछ दिन से उनके बेटे सौरभकांत की तबीयत खराब चल रही थी। जिस पर डाक्टर ने उन्हें बेटे के खून और मल की जांच करवाने के लिए कहा। इस पर उन्होंने देवी रोड स्थित एक पैथोलोजी लैब में बेटे के खून का सैंपल दे दिया। लेकिन जब उन्हें रिपोर्ट दी गई तो खून की जांच के साथ मल जांच की रिपोर्ट भी थमा दी गई, जबकि मल का सैंपल उनके द्वारा लिया ही नहीं गया था। कहा कि इन रिपोर्टों के आधार पर यदि बच्चे का इलाज किया जाता तो उसकी जान को खतरा हो सकता था। कहा कि उक्त लैब का वीडियो आजकल सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री से उक्त लैब की जवाबदेही तय करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को लैब संचालक पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## मैक्स की टक्कर से महिला की मौत, चार घायल

नजीबाबाद ( चिंगारी )। कोतवाली रोड स्थित आकाशवाणी नजीबाबाद केंद्र के सामने सोमवार को तेज स्पीड मैक्स व ई-रिक्शा की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई तथा चार लोग घायल हो गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई तथा ई-रिक्शा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल ई-रिक्शा सवार आरसीपुरम निवासी गुड्डी देवी की मौत हो गई। जबकि उसका पति राजेंद्र, पुत्र रोहित, भतीजा संदीप तथा भगवानपुर निवासी रिक्शा चालक सुंदर घायल हो गये।

# NEET UG 2026 परीक्षा रद्द

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने 3 मई को हुई NEET 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। यह फैसला पेपर लीक के आरोप के चलते लिया गया है। परीक्षा की नई डेट्स जल्द जारी की जाएंगी। NTA ने कहा है कि केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद परीक्षा रद्द की गई है। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) करेगा। NTA ने जानकारी दी है कि स्टूडेंट्स को दोबारा परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करना होगा। पिछले एग्जाम सेंटर्स में भी कोई बदलाव नहीं होगा। रीएग्जाम के लिए नए एडमिट कार्ड भी जारी किए जाएंगे। इसके अलावा परीक्षा में शामिल छात्रों की फीस भी वापस की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक




पेपर छपने से पहले ही सवाल नकल गैंग के पास पहुंच गए थे। इनमें बायोलॉजी के 90 और केमिस्ट्री के 35 सवाल थे। इस 'लीक' के तार सीधे तौर पर जयपुर से जुड़ रहे हैं। एसओजी ने सोमवार को जयपुर से मनीष नाम के

## सीबीआई करेगी जांच

शख्स को पकड़ा है। इसे ही पेपर छपने से पहले सवाल लीक करने का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। इसके पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। इसके कई और राज्यों में फैले होने की आशंका है। गैंग ने छपने से पहले ही लीक किए सवालों में दूसरे सवाल मिलाकर एक 'क्वेश्चन बैंक' तैयार किया। इस काम को मनीष ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया। एसओजी इन सबकी धरपकड़ करने में जुटी है। इस 'क्वेश्चन बैंक' को ही परीक्षा देने वाले छात्रों को बांटा गया। इसमें से बायोलॉजी के 90 में से 90 सवाल और केमिस्ट्री के 45 में से 35 सवाल हूबहू परीक्षा में आए।


RVIT
leading RVITians...
17 YEARS OF QUALITY EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING • PHARMACY MANAGEMENT
2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS | 990+ WORKSHOP TOURS | 85% PLACEMENTS IN 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.



B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in
R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.



उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल ( पूर्व माध्यमिक ) शिक्षक संघ जनपद बिजनौर के विकास खंड हल्दौर इकाई के
ब्लॉक अध्यक्ष पद पर निर्विरोध
निर्वाचित होने पर समस्त शिक्षक साथियों का हृदय से
हार्दिक आभार एवं धन्यवाद
आपका विश्वास एवं सहयोग
सदैव प्रेरणादायी रहेगा
रणजीत सिंह
ब्लॉक अध्यक्ष
हल्दौर (बिजनौर)



Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर